फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 311 प्रभात जयपुर, मंगलवार 13 जून, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Glam Singapore Has A Dhobi Ghaut** — Indian dhobis moved to Singapore in the 19th century, and their name is a part of the modern nation.

**World's Most Beautiful Castles**

**How to Write a Perfect Resignation Letter** — What do you write in your resignation letter?



समूचे यूरेशिया में मिलने वाले यूरेशियन ईगल आउल को यूरोप में "उहू" या केवल ईगल आउल कहते हैं। यह उल्लू की सबसे बड़ी प्रजाति है जिसकी मादा 75 सैंटीमीटर तक लम्बी हो सकती है और उसके पंखों का फैलाव 6 फुट 2 इंच तक हो सकता है। नर मादा से कुछ छोटे होते हैं। इस पक्षी के कान के पास विशिष्ट प्रकार के बाल के गुच्छे होते हैं जो इसकी पहचान हैं। इन गुच्छों का ऊपरी भाग गहरा काला सा होता है। पंखों और पूंछ पर धारियां होती हैं और आँखें चमकती हुई नारंगी रंग की। यूरेशियन ईगल आउल कई हैबिटैट्स में मिलते हैं, लेकिन पहाड़ी भागों में ज्यादा नज़र आते हैं, खासकर उन पहाड़ी भागों में जो जंगल, वैट लैण्ड आदि के पास होते हैं। इसके अलावा ये उल्लू शंकु वनों में भी पाए जाते हैं और कई बार खेतों तथा शहरों में पार्कों के आसपास भी रहते हैं। रोडैन्ट और खरगोश जैसे छोटे स्तनपायी जीव इनका मुख्य भोजन हैं, पर कई बार बड़े स्तनपायी, पक्षियों और मछली, मेंढक आदि को भी खाते हैं। ईगल आउल खड़ी चट्टानों के कगारों, सकरे गलीनुमा स्थानों, पत्थरों के बीच और अन्य छुपे हुए स्थानों पर प्रजनन करते हैं। इनके घोंसले में अधिकतर दो अण्डे होते हैं, जो मादा थोड़े -थोड़े अंतराल के बाद देती है तथा चूजे भी अलग-अलग समय पर अण्डे से बाहर निकलते हैं। मादा अण्डों को सेती है और नर भोजन की व्यवस्था करता है। नर -मादा दोनों ही करीब पांच महीनों तक चूज़ों की देखभाल करते हैं। उल्लू की सबसे बड़ी प्रजाति होने के साथ-साथ यूरेशियल ईगल आउल का विस्तार भी बहुत अच्छा है। यूरोप व एशिया में इनकी अच्छी खासी आबादी है, लगभग ढाई लाख से 25 करोड़ के बीच। इसीलिए इन्टरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर की लिस्ट में इन्हें "लीस्ट कंसर्न" (न्यूनतम चिंताजनक) वर्ग में रखा गया है। नारंगी आँखों के अलावा काली चोंच व काले पैर इनकी पहचान हैं।

# काफी सहानुभूति जागृत हुई ट्रम्प के पक्ष में

## 61 प्रतिशत अमेरिकी वोटर मानते हैं, ट्रम्प के बारे में उनके मन में जो छवि है, उसमें कोई कमी नहीं आयी है, न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आरोपों को लिपिबद्ध करने से

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जून। अमेरिका दो विचारधाराओं में बंटा नज़र आ रहा है। आधे लोग सोचते है कि "गोपनीय दस्तावेजों" के कुप्रबंधन मामले में ट्रम्प को दोषी ठहराना राजनैतिक रूप से प्रेरित है। वही आधे लोगों का मत है कि पूर्व राष्ट्रपति पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। यह जानकारी ए.बी.सी. न्यूज़/आई.पी.एस. ओ.एस. सर्वे से मिली है।

सी.बी.एस./यू.गव. को एक पृथक रायशुमारी में 62 प्रतिशत लोगों ने कहा कि दोषी ठहराने के बाद भी ट्रम्प के प्रति उनकी राय नहीं बदली है। रायशुमारी में शामिल 14 प्रतिशत लोगों ने कहा इससे ट्रम्प के प्रति उनकी राय और बेहतर हुई है वहीं 7 प्रतिशत का मत है कि उनकी राय ट्रम्प के बारे में और बुरी हो गई है तथा 18 प्रतिशत ने इस पर कोई राय नहीं दी।

सी.बी.एस. सर्वे से पता चलता है कि वर्ष 2024 में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के प्रत्याशियों की बढ़ती भी इसे ट्रम्प का दबदबा बना हुआ है उनके

- 14 प्रतिशत वोटर तो यहां तक कहते हैं कि, उनकी ट्रम्प के बारे में सोच में सकारात्मक वृद्धि हुई है, आरोपों के बाद।
- केवल सात प्रतिशत वोटर की भावना है कि, इन आरोपों के कारण उनकी ट्रम्प के बारे में राय खराब हुई है।
- अधिकांश लोग मानते हैं कि, राजनीतिक कारणों से ट्रम्प के खिलाफ न्यायालय ने आरोप लिपिबद्ध किये हैं।
- एक सिनेटर ने तो यह भी कहा कि, क्योंकि ट्रम्प ने दोबारा राष्ट्रपति पद के लिये अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है, उन पर ये आरोप लगाये गये, जिससे वे निरूत्साहित होकर चुनाव न लड़ें।
- एक अन्य रिपब्लिकन सिनेटर ने यह भी कहा कि, कानून को एक हथियार के रूप में काम लिया जा रहा है, ट्रम्प के खिलाफ।

पास 61 प्रतिशत के समर्थन है, वही उनके निकटतम प्रतिद्वंदी फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैंटिस के पास 23 प्रतिशत लोगों का समर्थन है।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी या ट्रम्प के प्रति समर्थन तेजी से बढ़ रहा है। फ्लोरिडा के एक ग्रैंड जूरी द्वारा लगाए गए अपराधिक आरोपों के बाद रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ट्रम्प के पक्ष में एकजुट होने लगे हैं। ट्रम्प पर आरोप है कि उन्होंने गोपनीय सरकारी दस्तावेज अपने मार-ए-लोगों के निवास पर रखे थे और लौटाने से मना कर दिया। रिपब्लिकन सांसदों का मत है कि यह आरोप राजनीति से प्रेरित है क्योंकि वे दोबारा राष्ट्रपति बनने की दौड़ में हैं।

साउथ कैरोलाइना के रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि मुझे लगता है कि ट्रम्प पहले के मुकाबले राजनैतिक रूप से ज्यादा मजबूत हो गए हैं। मैं आपको यकीन दिलाता हूँ कि अधिकांश अमेरिकन खास कर रिपब्लिकन मानते हैं कि कानून को ट्रम्प के खिलाफ हथियार की तरह प्रयुक्त किया जा रहा है। हाउस जूडिशिएरी कमेटी के चेयरमैन जिम जॉर्डन कहते हैं कि आरोप राजनैतिक हैं।

ओहायो के एक रिपब्लिकन ने कहा, यह एक योजना का अंग है, गत सात सालों में हम ऐसा कई बार देख चुके हैं। वे एक के बाद एक चाल चलते हैं। वे लगातार उनके पीछे पड़े हैं। मुझे लगता है कि जिसमें जरा भी अक्ल है वह इस बात को समझ सकता है।

ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने कुछ भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रियंका गांधी ने विशाल रैली से चुनाव अभियान की शुरूआत की मध्य प्रदेश में

## जबलपुर में आयोजित इस रैली में प्रियंका गांधी ने कर्नाटक की तर्ज पर, 500 रूपये में गैस सिलैण्डर, हर परिवार की एक महिला के खाते में हर महीने 1500 रू. जमा करवाने का वादा किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जून। कांग्रेस ने आज मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार का शुभारम्भ कर दिया। जबलपुर में आयोजित एक बहुत बड़ी जनसभा को आज पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने संबोधित किया। सभा में उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस राज्य की सत्ता में आई तो प्रत्येक परिवार की एक महिला को 1500 रू. मासिक भत्ता दिया जायेगा।

सभा से पहले, उन्होंने जबलपुर में नर्मदा नदी के तट पर पूर्जा अर्चना की। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ एवं अन्य पार्टी नेता उनके साथ थे।

प्रियंका गांधी ने जबलपुर की सभा में कहा, "मध्य प्रदेश में हुये घोटालों की सूची अपशब्दों की उस सूची से भी लम्बी है, जो प्रधानमंत्री के अनुसार उनके खिलाफ बोले गए हैं।"

उन्होंने पूछा, "पिछले तीन सालों में भाजपा ने राज्य में क्या किया है? क्या आप में से कोई सज्जन यह कह सकते हैं कि वर्तमान सरकार के शासन काल मे आपका जीवन उन्नत हुआ है?"

हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में पार्टी को हाल ही में मिली जीत का जिक्र करते हुए कर्नाटक में पार्टी को हाल कि दोनों राज्यों ने भाजपा को उसके अनुरूप जवाब दिया है।

जबलपुर महाकौशल क्षेत्र के मध्य में है। इस क्षेत्र में आदिवासी मतदाता अच्छी-खासी संख्या में है। इस नगर को मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी कहा जाता है।

कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने कहा कि प्रियंका ने पार्टी के चुनाव प्रचार के शुभारम्भ के लिये जबलपुर को इसलिये चुना क्योंकि राहुल गांधी की भारत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि, कांग्रेस वो सभी वादे पूरे करती है, जो चुनाव प्रचार के दौरान वह करती है।
- उन्होंने कर्नाटक का उदाहरण दिया, जहां कांग्रेस द्वारा चुनाव के दौरान दी गयी गारंटियों को पूरा करने के लिये, नये मंत्रिमण्डल की प्रथम बैठक में ही प्रस्ताव पारित किया गया एवं बजट देने की घोषणा भी की, गारंटियों को पूरा करने के लिये।




# दिल्ली में बाइक टैक्सी पर बैन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जून। कैब कम्पनियों को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को साफ कर दिया कि फिलहाल दिल्ली में बाइक टैक्सी नहीं चल सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने रैपिडो व उबर बाइक टैक्सी पर दिल्ली हाईकोर्ट के परमिट ऑर्डर को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने बाइक टैक्सी को अंतिम नीति बनाए जाने तक सर्विस देने की छूट दी थी।

आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट के 20 मई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी जिसमें कहा गया था कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया और दिल्ली सरकार के, बाइक टैक्सी पर बैन लगाने के आदेश पर दिल्ली हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर को रद्द कर दिया।

# स्टालिन ने तमिलनाडू पर हिन्दी लादने का आरोप लगाया भाजपा पर

## केन्द्रीय सरकार के विभागों व कॉरपोरेशन्स में हिन्दी का उपयोग होने को अनुचित बताया स्टालिन ने

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जून। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक बार फिर भाषा का मुद्दा उठाया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तमिलनाडु की जनता से 25 सीटें जिताने का आशीर्वाद मांगने के बाद एक कठोर बयान में स्टालिन ने राज्य की जनता पर हिंदी भाषा थोपने के केन्द्रीय एजेंसियों के तहत प्रयासों की निंदा की।

इस बार स्टालिन का यह बयान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी न्यू इंडिया एश्योरैंस कंपनी के एक सर्कुलर की वजह से आया है। उन्होंने कहा कि इसमें कंपनी के गैर हिंदी भाषी लोगों का अपमान किया है क्योंकि सर्कुलर हिंदी में है। स्टालिन ने कहा कि सर्कुलर तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। स्टालिन ने कंपनी की चेयरमैन नीरजा कपूर से कहा कि गैर हिंदी भाषी लोगों का अपमान करने के लिए उन्हें क्षमा मांगनी चाहिए।

इस बार हिंदी विरोध का अपना दायरा बढ़ाते हुए स्टालिन ने कहा कि केन्द्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां और पब्लिक सैक्टर कंपनियां पक्षपात कर रही है और अन्य भारतीय भाषाओं की कीमत पर हिंदी को अनुचित महत्व दे रही है। हिंदी थोपने के खिलाफ विरोध के स्वर कर्नाटक एवं पश्चिम बंगाल में भी सुने जा रहे हैं।

स्टालिन ने हिंदी थोपे जाने के खिलाफ संघर्ष करने की शपथ ली और कहा कि वो दिन गए, "जब भारत के गैर हिंदी भाषी नागरिकों के साथ दूसरे दर्जे का व्यवहार किया जाता था। अपनी मेहनत और प्रतिभा से देश के विकास में शानदार योगदान देने के बाद भी उन्हें यह सब सहना पड़ता था। सर्कुलर पर सभी का ध्यान खींचते हुए स्टालिन ने यह ट्वीट किया।

स्टालिन ने अपने ट्वीट में कहा कि तमिलनाडु व द्रमुक अपने दायरे में रहकर हिंदी थोपे जाने का विरोध करने की पूरी कोशिश करेगा। हिंदी को केन्द्र सरकार के विभागों, जैसे रेल्वे, डाक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- स्टालिन ने कहा कि, हम दक्षिण भाषी मेहनत करते हैं, देश की समृद्धि में भारी योगदान करते हैं और हमें अपनी संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाजों पर गर्व है, अतः यदि तमिल भाषा की अवहेलना कर, हिन्दी लादने का प्रयास किया, केन्द्रीय भाजपा सरकार ने, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# कुश्ती संघ के चुनाव 4 जुलाई को?

नई दिल्ली, 12 जून। इंडियन ओलम्पिक ऑर्गनाइजेशन (आई.ओ.ए.) ने रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यु.एफ.आई.) के चुनाव चार जुलाई को कराने की योजना तैयार की है और इसके लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सात जून को आंदोलनकारी पहलवानों के साथ मुलाकात के बाद कहा था कि डब्ल्यू.एफ.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- इंडियन ओलम्पिक ऑर्गनाइजेशन (आई.ओ.ए.) ने इसके लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है।

# दिवंगत जयललिता को अप्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार में लिप्त बताना, भारी पड़ेगा भाजपा को?

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की इस टिप्पणी से अन्नाद्रमुक के नेता आक्रामक मुद्रा में आये

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जून। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पार्टी पदाधिकारियों के साथ हुई जोशो-खरोश से भरी अपनी बातचीत में, उनमें नये प्राण फूँकने तथा प्रेरित करने की कोशिश की थी तथा एन.डी.ए. गठबंधन के लिये तमिलनाडु से 25 सीटों का कठिन लक्ष्य उनके समक्ष रखा था, लेकिन लोकसभा आम चुनावों से पहले ही तमिलनाडु के भाजपा-प्रमुख के. अन्नामलाई ने अपने बयानों से अन्नाद्रमुक में खलबली पैदा कर दी है।

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ अन्नाद्रमुक के नेता डी. जयकुमार ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा इसका स्पष्टीकरण दें, अन्यथा अन्नाद्रमुक के गठबंधन में बने रहन के विषय में पुनर्विचार करने के लिये बाध्य होगी।

दोनों गठबंधन पार्टनरों के बीच पैदा हुये इस विवाद से कुछ समय पहले ही, केन्द्रीय गृह मंत्री ने वैल्लोर में आयोजित एक जनसभा में तमिलनाडु के मतदाताओं से अपील की थी कि वे इस राज्य से एन.डी.ए. को 25 सीटें मिलने का आशीर्वाद दें।

लेकिन तमिलनाडु के भाजपाध्यक्ष के अन्नामलाई ने एक प्रतिष्ठित अखबार को दिये गये इन्टरव्यू में भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुये, दोनों द्रविड़ पार्टियों के एक ही डंडे से हाँक दिया। "द्रमुक फाइल्स" के सीक्वल का वादा करते हुये, भाजपा नेता ने कहा कि इसकी विषयवस्तु में अन्य पार्टियों के भ्रष्टाचार के मामले में शामिल होंगे।

इन्टरव्यू में अन्नाद्रमुक का जिक्र करते हुये उन्होंने जो विस्तार सहित कहा, उससे राज्य में भाजपा को सबसे बड़ा और सबसे मजबूत मित्र दल नाराज़ हो गया है। ज्ञातव्य है कि इस राज्य की राजनीति एवं चुनावों में भाजपा की सफलता अन्नाद्रमुक के साथ गठजोड़ पर निर्भर है। तमिलनाडु में, सदैव ही ऐसा रहा है कि जीत का दारोमदार उसी द्रविड़ पार्टी पर निर्भर होता है जो राजनैतिक ताकतों से सर्वाधिक जिताऊ गठबंधन का हिस्सा होती है। और इस परम्परा के अन्तर्गत, इस समय द्रमुक उस सर्वाधिक स्थिर गठबंधन में शामिल है जिसकी मुख्य पार्टनर कांग्रेस है।

जे. जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक कमजोर हो गई है जिसके कुछ नेता या तो उससे अलग हो गये हैं या पूर्व मुख्यमंत्री इडापड्डी पलानीस्वामी की अध्यक्षता वाली अधिकृत पार्टी में परस्पर लड़ते-झगड़ते रहते हैं। लेकिन, इस समय कमजोर होने के बावजूद, अन्नाद्रमुक के आज भी राज्य की ऐसी सर्वाधिक मजबूत पार्टी है जो उस द्रमुक का सामना कर सकती है, जिसने 2019 के आम चुनावों से लेकर अब तक, सारे चुनावों में इकतरफा जीत हासिल की है। ज्ञातव्य है कि द्रमुक ने लोकसभा चुनावों में, तमिलनाडु की 39 सीटों में से एक के अलावा सभी सीटों पर विजय प्राप्त की थी। कुछ महीने पहले हुये नगरपालिका चुनावों में भी द्रमुक की इकतरफा जीत हुई है।

ऐसे परिदृश्य में, तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने अन्नाद्रमुक को नाराज़ कर दिया है तथा दोनों गठबंधन-पार्टनरों के बीच का तनाव और भी बढ़ गया है। ज्ञातव्य है कि कुछ समय पहले दोनों गठबंधन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- तमिलनाडू की अजीबोगरीब फितरत यह है कि, दोनों द्रविड़ राजनीतिक दलों में से एक को पार्टनर बनाना आवश्यक हो गया है, राष्ट्रीय स्तर की पार्टियों के लिये।
- कांग्रेस व डी.एम.के. का गठबंधन इस सत्य का सजीव उदाहरण है।
- अतः अगर भाजपा ने अन्नाद्रमुक पार्टी को रूष्ट कर दिया तो, भाजपा की अकेले तमिलनाडू में चुनाव लड़ने की स्थिति आ सकती है।

# कोविन ऐप से डेटा लीक?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जून। मीडिया में आई इन खबरों, कि "कोविन" प्लेटफॉम पर साइन करने वाले राजनेताओं व अन्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- आज दिनभर कोविन ऐप्स से नेताओं के डेटा लीक की खबरें छाई रहीं। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता, साकेत गोखले ने अपने ट्विटर अकाउंट पर डेटा लीक के स्क्रीनशॉट्स शेयर किए। गोखले ने चिदम्बरम, के.सी. वेणुगोपाल और डैरेक' ओ ब्रायन व उनके परिजनों के डेटा लीक के स्क्रीनशॉट्स भी शेयर किए।

## विचार बिन्दु

अकर्मण्यता के जीवन से यशस्वी जीवन और यशस्वी मृत्यु श्रेष्ठ होती है।
–चंद्रशेखर वेंकट रमण

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल कागज़ों में

लगभग तीन साल पहले बड़े जोर-शोर से भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति घोषित की थी। इस नीति का प्रारूप प्रसिद्ध वैज्ञानिक कस्तूरी रंगन की अध्यक्षता में गठित समिति ने तैयार किया था। इससे पूर्व सेवानिवृत्त कैबिनेट सचिव टी सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता वाली समिति ने देश की सभी ग्राम पंचाय और शिक्षा विदों से प्राप्त सुझावों पर विचार किया था। इस नीति के बनते-बनते तीन शिक्षा मंत्री बदल गए। सबसे पहले स्मृति ईरानी ने प्रक्रिया प्रारंभ की और देश की सभी 2.50 लाख पंचायतों से सुझाव आमंत्रित किए। इसके बाद प्रकाश जावड़ेकर शिक्षा मंत्री बने और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, किन्तु वे इसे अंतिम रूप नहीं दे पाए। 2020 में इसे रमेश पोखरियाल, ने इसे अंततः जुलाई 2020 में जारी किया।

इस नई नीति को घोषित हुए तीन साल हो चुके हैं किन्तु धरातल पर अब तक इसका कोई क्रियान्वयन देखने में नहीं आया है। नीति को घोषित करते समय इसे शिक्षा में क्रांति लाने वाली नीति के रूप में प्रचारित-प्रसारित किया गया।

पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में बनी और दूसरी 1986 में बनी, जिसे 1992 में संशोधित किया गया। पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति कोठारी आयोग द्वारा बनाई गई। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर डी एस कोठारी राजस्थान के ही रहने वाले प्रसिद्ध शिक्षा विद और वैज्ञानिक थे। यह पृष्ठभूमि इसलिए दी गई है ताकि पाठक समझ सकें कि इस नीति को बनाने में कितने लोगों का कितना प्रयास लगा और धन भी लगा। इसके बावजूद यदि यह नीति लागू ही नहीं हो पा रही है तो इसके कारणों का विवेचन और विश्लेषण करना उपयुक्त होगा।

सबसे पहला कारण तो वही जो लगभग सभी सरकारी नीतियों के साथ होता है। नीति बनाने वाले धरातल की वास्तविकताओं का कोई ध्यान, नीति बनाते समय नहीं रखते। आदर्श नीतियां तब ही क्रियान्वित हो सकती हैं जब परिस्थितियां आदर्श हों। हमारे यहां तो स्थिति ठीक इसके विपरीत है । यह नीति के कुछ प्रावधानों से स्पष्ट हो जाएगा।

1986 की शिक्षा नीति में शिक्षा का ढांचा 10 + 2 + 3 का था। स्कूली शिक्षा को विभाजित करने के बाद यह व्यवस्था 5 + 3 + 2 + 2 हो गई, अर्थात प्रारंभिक पांच वर्ष को प्राथमिक स्तर का नाम दिया गया। बाद के 3 साल को उच्च प्राथमिक, आगामी 2 वर्ष माध्यमिक तथा अंतिम 2 वर्ष को उच्च माध्यमिक शिक्षा का नाम दिया गया । कुछ राज्यों में दसवीं के बाद 2 वर्ष की पढ़ाई जूनियर कॉलेज में रूप में होती थी एवं अधिकांश राज्यों में यह विद्यालयों में ही उच्च माध्यमिक शिक्षा के नाम से हुई। यह व्यवस्था कई सालों तक नियमित रूप से चलती रही। अब जबकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई है तो इस ढांचे को बदलकर 5 + 3 + 3 + 4 किया गया है। इसमें पूर्व प्राथमिक शिक्षा को नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक का बना गया एवं उसके बाद 3 वर्ष तक प्राथमिक शिक्षा, उसके बाद 3 साल तक उच्च माध्यमिक शिक्षा एवं अंतिम 4 वर्ष माध्यमिक और उच्च माध्यमिक का नाम दिया गया है । वर्तमान में सभी विद्यालयों, विशेषकर राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक संचालित होती हैं। पूर्व प्राथमिक की नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी अधिकतर प्ले स्कूल के नाम से चलाये जाने हैं। वर्तमान में जब सभी विद्यालयों में विशेषकर सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से पढ़ाई प्रारंभ होती है तो पहली से पूर्व की तीन कक्षाओं के बच्चों को स्कूल को पढ़ाने की व्यवस्था क्या होगी इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने के लिए विशेष तरह की योग्यता की आवश्यकता होती है जो सामान्यतया एन टी टी (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग) में विकसित की जाती है। वर्तमान व्यवस्था में एनटीटी किए हुए लोगों को तो शिक्षा विभाग में भर्ती के योग्य ही नहीं माना गया है। इन कक्षाओं की पढ़ाई कौन कराएगा और कैसे होगी इस बारे में कोई स्पष्टता न नीति में है न राज्य स्तर पर ।

वर्तमान में अधिकांश स्थानों पर आंगनवाड़ी में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा देने का प्रावधान है, किंतु यह काम गौण ही है क्योंकि आंगनबाड़ियों के पास अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हुए हैं। वास्तविकता यह है के 3 से 6 वर्ष के बच्चों को उपयुक्त पूर्व प्राथमिक शिक्षा देने की क्षमता न तो वर्तमान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में है न ही वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों में है, जो सामान्यतः बीएसटीसी या बी एड होते हैं। यदि स्कूलों में पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ चलाई जानी है तो बड़ी संख्या में अपेक्षित योग्यता धारी शिक्षकों की भर्ती करनी होगी। वर्तमान में तो स्थिति यह है कि देश में लाखों पद शिक्षकों के पहले ही रिक्त हैं । कई विद्यालय केवल बिना शिक्षक या एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इसी कारण यह आशंका स्वाभाविक है कि नई व्यवस्था केवल फाइलों में बंद होकर न रह जाए ।

**सरकार के नीति निर्धारकों को यह समझना होगा कि सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा किसी भी बच्चे के भविष्य के लिए नींव का काम करती है । यदि यह यूं ही कमजोर रही तो उस पर बनाई गई इमारत टिक नहीं पाएगी। इसकी संभावना नई शिक्षा नीति के माध्यम से भी नहीं लगती है।**

दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह है कि स्थानीय बोली को माध्यम बनाकर ही पूर्व प्राथमिक कक्षा के बच्चों को शिक्षा दी जाए ताकि बच्चे सहजता के साथ उसे ग्रहण कर सकें। उसके बाद प्राथमिक स्तर पर तो निश्चित रूप से उसे स्थानीय भाषा में शिक्षा दी जानी चाहिए और यथासम्भव अगली कक्षाओं में भी स्थानीय भाषा में शिक्षा दी जाए। वर्तमान में तथाकथित श्रेष्ठ विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देते हैं और अभिभावक भी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाने को वरीयता देते हैं।

राजस्थान सरकार ने तो एक कदम आगे बढ़कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के ठीक विपरीत 2000 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम का बना दिया है। एक सर्वमान्य तथ्य है कि अंग्रेजी को एक भाषा की तरह पढ़ना और उस पर अधिकार प्राप्त करना आज के युग में उपयोगी हो सकता है किंतु इसके लिए अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करना बेतुका निर्णय ही कहा जाएगा । जिन शिक्षकों ने वर्षों से हिंदी माध्यम से पढ़ाया है उनसे अचानक अंग्रेजी माध्यम में सभी विषय पढ़ाने के लिए कहना केवल आदेश मात्र बनकर रह जाएगा । यह देखा गया है कि अँग्रेजी माध्यम के सरकारी विद्यालय में प्रवेश लेने की होड़ मची थी, वहीं अब अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में न तो शिक्षक जाना चाहते हैं एवं न ही बच्चे। शायद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलना राजस्थान के सरकारी विद्यालयों के परिप्रेक्ष्य में अदूरदर्शिता पूर्ण निर्णय ही कहा जाएगा। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की भावना के विपरीत तो है ही, साथ ही बच्चों के हित के भी विपरीत है। जो बच्चे अपने घरों में स्थानीय बोली में बात करते हों और हिंदी भी सही रूप से नहीं बोल पाते हों, उन्हें अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देना इसी बात को संकेत करता है कि शिक्षा के नीति निर्धारकों का धरातल की वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। यही कारण है कि शिक्षा की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। राजकीय विद्यालयों की बात छोड़ भी दें, तो क्या अभिजात्य वर्ग के विद्यालयों को इस बात के लिए बाध्य किया जा सकेगा कि वह अंग्रेजी माध्यम को छोड़कर अब स्थानीय भाषा में बच्चों को शिक्षा दें? इन विद्यालयों के संचालकों का सरकार पर प्रभाव देखते हुए तो ऐसा होना फिलहाल संभव दिखाई नहीं देता है।

एक बहुत आदर्श बात नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कही गई है कि कला, वाणिज्य और विज्ञान आदि संकाय के मध्य किसी प्रकार का विभाजन नहीं होगा और कोई भी विद्यार्थी अलग-अलग विषय की शिक्षा प्राप्त कर सकेगा । अर्थात, दो विषय विज्ञान के लेकर और एक विषय कला का ले सकेगा अथवा दो विषय कला के लेकर एक विषय वाणिज्य का ले सकेगा । इस प्रकार का लचीलापन विदेशों की सामान्य शिक्षा व्यवस्था में है किंतु इसके लिए वर्तमान में उपलब्ध शिक्षकों की संख्या को कई गुना बढ़ाना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया तो यह केवल एक हवाई घोषणा बनकर ही रह जाएगी। वर्तमान में, अधिकांश विद्यालयों में विज्ञान के शिक्षक ही उपलब्ध नहीं है जबकि सरकार ने मनमानी तरह से 12वीं तक के विद्यालय खोल दिए हैं।

जो बात शिक्षा नीति में होनी चाहिए थी और जो नहीं है वह यह कि प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा स्थानीय सन्दर्भ को ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए। ऐसी शिक्षा का क्या लाभ है, जिसमें बच्चा अपने आप को जोड़ नहीं सके। भाषा और गणित को स्थानीय रूप से उपलब्ध सामान्य परिस्थितियों के आधार पर पढ़ाया जा सकता है । संस्कृति, भूगोल, इतिहास, रहन-सहन, खाने-पीने आदि में जितनी विविधता भारत में है, शायद ही विश्व के किसी देश में हो। बच्चों की शिक्षा को सहज और सुगम बनाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि बच्चा शिक्षा से अपने आपको जुड़ा महसूस कर सके। यह तभी हो पाएगा जब स्थानीय सन्दर्भ को आधार बनाकर शिक्षा प्रदान की जाए। पांचवी कक्षा तक तो किसी पाठ्यपुस्तक की कोई आवश्यकता नहीं है । शिक्षक स्वयं अपने स्तर पर नवाचारी शिक्षण विधियों को अपनाकर शिक्षण सामग्री तैयार कर सकता है, और उसके आधार पर बच्चों को इस प्रकार से शिक्षा प्रदान कर सकता है जो उसे अपनी भी लगे और रुचिकर भी। ऐसा होने पर अभिभावकों को भी लगेगा कि बच्चों को काम की शिक्षा मिल रही है । कई बार अभिभावकों द्वारा बच्चों को विद्यालयों से निकालने का कारण यह होता है कि उन्हें शिक्षा, जीवन के लिए उपयोगी नहीं लगती। शिक्षा को जीवन उपयोगी बनाने के लिए जो बातें नई शिक्षा नीति में लिखी भी गई हैं, उन्हें लागू करने की क्षमता शिक्षकों में होना अनिवार्य है। तब ही वे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

सरकार के नीति निर्धारकों को यह समझना होगा कि सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा किसी भी बच्चे के भविष्य के लिए नींव का काम करती है । यदि यह यूं ही कमजोर रही तो उस पर बनाई गई इमारत टिक नहीं पाएगी। इसकी संभावना नई शिक्षा नीति के माध्यम से भी नहीं लगती है। आजकल, बच्चों को केवल जानकारी देने से कोई लाभ नहीं है क्योंकि जानकारी तो वह घर बैठे इंटरनेट के माध्यम से गूगल करके आसानी से प्राप्त कर सकता है। उसे आवश्यकता इस प्रकार की शिक्षा देने की है जो उसके दिन-प्रतिदिन जीवन में काम आ सके। जो बच्चे स्कूल के बाद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पायें, हैं वे भी इतना सक्षम तो हो ही जायें कि वे विश्वास पूर्वक अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

अंत में यही कहा जा सकता है कि शिक्षा की मूल समस्याओं को समझे बिना कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती। जैसे शिक्षकों के स्थानांतरण की व्यवस्था को समाप्त करना, शिक्षकों के चयन को अधिक युक्तिसंगत बनाना, पाठ्य सामग्री को संदर्भ आधारित बनाना, शिक्षकों के पदों को तत्काल भरना आदि। शिक्षकों को इस प्रकार से प्रशिक्षित करना होगा कि वह बच्चों की नींव को मजबूत कर सके। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने भी इस कमी को महसूस करते हुए सामान्य लिखने-पढ़ने और जोड़-बाकी की योग्यता, पांचवी कक्षा के शत प्रतिशत बच्चों में विकसित करने का मिशन प्रारंभ किया है । हालांकि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, राज्य सरकार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे, तो कोई कारण नहीं कि हम बच्चों के भविष्य के लिए मजबूत नींव प्रदान न कर सकें । जहां तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रश्न है, उसके तो कागज़ों से बाहर निकल पाने की संभावना कम ही है । राज्य यदि इसके विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा रहे हैं तो वह इसलिए कि किसी ने इसे गंभीरता पूर्वक लागू करने का प्रयास नहीं किया।

क्या राजस्थान के बच्चे आशा कर सकते हैं कि राजस्थान के शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और अन्य शिक्षा अधिकारी बच्चों को उनके लिए उपयोगी शिक्षा देने का प्रयास करेंगे, बजाए इसके कि उन्हें ऐसी शिक्षा दी जाय जिसका उनके जीवन में कतई उपयोग नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि राजस्थान में लोक जुम्बिश, शिक्षा कर्मी जैसे सफल प्रयोगों से सीखा जाय।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**


# जर्जर टंकी से भयभीत वॉर्डवासी, लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है

- **जलदाय विभाग के अधिकारियों को बडे हादसे का इंतजार**
- **लोगों ने बताया कि टंकी का निर्माण 30 साल पहले हुआ था**

**सुजानगढ़,** (निसं)। वार्ड 49 में जलदाय विभाग की जर्जर टंकी हादसों को निमंत्रण दे रही है। सोमवार को जर्जर टंकी से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बहा, जिसके बाद भयभीत वार्डवासियों ने जलदाय विभाग को सूचना दी। सूचना पर जलदाय विभाग के कपिल प्रजापत ने मौके पर पहुंचकर टंकी के नीचे का वॉल को बंद कर व्यर्थ बह रहे पानी को रोका।

पार्षद प्रतिनिधि कमल दाधीच ने बताया कि विधायक मनोज मेघवाल को उन्होंने वार्डवासियों के साथ टूटी टंकी को गिराने के लिए ज्ञापन दिया था। लेकिन फिर भी कोई एक्शन नहीं हो रहा है। लापरवाह अधिकारी जर्जर टंकी से आमजन के बचाव के लिए किसी प्रकार का साइन बोर्ड भी नहीं लगा रहे है। पेयजल टंकी के सामने रहने वाले श्रीचंद पारीक ने बताया कि टंकी का निर्माण 30 साल पहले हुआ था। जो अब पूर्णतया जर्जर हो चुकी है। पारीक ने बताया जर्जर टंकी को देखकर उनके मन में टंकी के गिरने का भय बना रहता है। अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे है।

वार्ड के विकास पारीक ने कहा कि रोज टंकी का जर्जर हिस्सा सड़क पर गिरता है। सड़क से गुजरने वाले राहगीर भी यहां से गुजरते समय भय के माहौल में गुजरते है। कई बार टंकी से गिरे जर्जर हिस्से से कई लोग चोटिल भी हो चुके है। वंही जर्जर टंकी को गिराकर नयी बनाने की मांग को लेकर सोमवार को वार्ड 49 पार्षद प्रतिनिधि कमल दाधीच, पार्षद दीनदयाल पारीक सहित कई लोगों ने एडीएम भागीरथ साख को ज्ञापन दिया। एडीएम को सौंपे गये ज्ञापन में जर्जर टंकी के नई नहीं बनने तक वहां सावधानी के लिए बोर्ड लगाने व पुरानी टंकी को गिराकर नयी टंकी बनाने की मांग की गयी है।



सुजानगढ़ के वार्ड 49 में जलदाय विभाग की जर्जर टंकी।

# राज्यपाल मिश्र ने गोविंद गुरु पुस्तकालय का लोकार्पण किया



माउंट आबू में गोविन्द गुरू पुस्तकालय का लोकार्पण राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया।

**जालोर/माउंट आबू,** (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को आबूरोड़ में नगर सुधार न्यास आबू द्वारा विकसित गोविंद गुरु पुस्तकालय का लोकार्पण किया।

उन्होंने इस अवसर पर पुस्तक संस्कृति के विकास के लिए सभी की ओर से मिलकर प्रयास किए जाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर सांसद देवजी भाई पटेल, नीरज डांगी और विधायक आबू पिंडवाडा समाराम गरासिया की भी विशेष उपस्थिति रही। राज्यपाल सोमवार प्रातः माउंट आबू से सड़क मार्ग द्वारा आबू रोड पहुंचे। वहां पहुंचने पर जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। राज्यपाल ने पुस्तकालय भवन के लोकार्पण के बाद वहां विकसित पुस्तकालय सुविधाओं, वाचनालय आदि का अवलोकन कर पुस्तक संस्कृति के लिए इन्हें महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों से संवाद भी किया।

# अनूपगढ़ से बीकानेर तक रेल लाइन बिछाने की कवायद तेज

- **जयपुर से आई सर्वे टीम ने संभावनाएं देखी, व्यापार मंडल में की बैठक**

**अनूपगढ़,** (निसं)। बीकानेर रेल लाइन बिछाने की कवायद के तहत सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल जयपुर की एक सर्वे टीम ने क्षेत्र के बारे में जानकारी ली एवं रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दल में जयपुर से यातायात निरीक्षक सर्वे रामावतार शर्मा, यातायात निरीक्षक सर्वे जयप्रकाश, जुगल किशोर शर्मा और उत्तर पश्चिम बीकानेर रेल मंडल बीकानेर से रणधीर कुमार एवं जिला रेल विकास समिति अध्यक्ष ललित कुमार शर्मा मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान टीम ने रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक राकेश चौधरी से यात्रियों की संख्या, अनूपगढ़ से आने-जाने वाली मालगाड़ियों की संख्या, रैक के प्रकार एवं संख्या की जानकारी जुटाने के साथ-साथ अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन से रेलवे को मिलने वाले राजस्व के संबंध में विस्तार जानकारी ली। ट्रैफिक सर्वे टीम ने अनूपगढ़ से बीकानेर रेल लाइन बिछने के बाद होने वाली संभावित राजस्व का आकलन भी किया। टीम ने व्यापार मंडल में अनूपगढ़ रेल विकास समिति एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष बूलचंद चुघ के अलावा कस्बे के गणमान्य नगारिकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने लोगों से क्षेत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

व्यापार मंडल अध्यक्ष बूलचंद चुघ ने बताया कि क्षेत्र के लिए अनूपगढ़ बीकानेर रेल लाइन बेहद आवश्यक है। कस्बे के नागरिक एक लंबे समय से जनप्रतिनिधियों एवं रेलवे अधिकारियों के सामने इस मांग को उठाते रहे है। वहीं वाशिंग लाइन का कार्य भी पाइप लाइन में है, गत दिनों ही मंत्री मेघवाल ने आश्वासन दिया है कि अनूपगढ़ में वाशिंग लाइन की स्थापना भी होगी।

संरक्षक जालंधर सिंह तूर सहित क्षेत्र के अन्य नागरिकों ने सर्वे टीम को बताया कि अनूपगढ़ से बीकानेर पीबीएम अस्पताल में रोजाना मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लोग इलाज के लिए जाते है, जो अपना वाहन का खर्च खुद वहन नहीं कर सकते। ऐसे में अनूपगढ़ से बीकानेर रेल लाइन बिछना ऐसे लोगों के लिए राहत भरा होगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अनूपगढ़ से आगे कहीं भी रेल लाइन नहीं है। इस रेल लाइन के बिछने से विधानसभा क्षेत्र के ढाई लाख लोगों के साथ अन्य विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी फायदा होगा।

# करौली में यातायात व्यवस्था बदहाल, आमजन को परेशानी हो रही है

- **शहर के कई इलाकों को नो एंट्री जोन घोषित किया हुआ है जिसके तहत शहर के वजीरपुर गेट, हिण्डौन गेट, गणेश गेट से होकर प्रातः 8 बजे से शाम 7 बजे तक मालवाहक वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है**

**करौली,** (निसं)। करौली शहर में यातायात पुलिस की ढिलाई के कारण व्यवस्था कमजोर होती दिखाई दे रही है जिससे दिनभर लोगों को जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

करौली जिला मुख्यालय पर जिला पुलिस अधीक्षक के अलावा पुलिस के अन्य अधिकारी बैठते हो जिन्होंने शहर कि व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यातायात शाखा को विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश देकर शहर के कई इलाकों को नो एंट्री जोन घोषित किया हुआ है जिसके तहत शहर के वजीरपुर गेट, हिण्डौन गेट, गणेश गेट से होकर प्रातः 8 बजे से शाम 7 बजे तक मालवाहक वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है इसके अलावा शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक शहर के सभी गेटों पर नो एंट्री जोन घोषित करते हुए ऑटो टेंपो एवं चौपहिया वाहनों पर शहर में अंदर प्रवेश पर रोक लगा रखी है इसके बावजूद कोई पालना नहीं हो रही है। इससे ऐसा लगता है कि पुलिस अधीक्षक के आदेश बेअसर साबित हो रहे हैं। शहर के हिण्डौन गेट से गुलाब बाग का मार्ग जिस समय गौरव पथ के रूप में विकसित किया गया था उस दौरान नगर परिषद की ओर से मार्ग को पूरी तरह नोन वेंडिंग जोन घोषित कर दिया इसके बावजूद इस मार्ग पर फल, सब्जी के ठेले वालों ने कब्जा जमा रखा है और प्रभावशाली लोग अपनी दुकान और घरों के आगे सब्जी के ठेले लगाने की एवज में उनसे मासिक रुपए भी वसूल करते हैं।

यह मामला नगर परिषद के नगर नियोजक के सामने भी आ चुका है मगर नगर परिषद प्रशासन की मिलीभगत के चलते ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं हो रही है जिसके कारण सड़क पर लगने वाले थडी, ठेले शहर की यातायात व्यवस्था में अवरोधक बनकर आमजन की राह में रोड़ा बने हुए हैं।

यही नहीं करौली शहर के बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, भूडारा बाजार, फूटाकोट चौराहा, जिला न्यायालय के मुख्य द्वार, कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार, ट्रक यूनियन सर्किल पर अव्यवस्थित रूप से ऑटो, टेंपो खड़े रहने के कारण बार-बार जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं गुलाब बाग चौराहे से रोडवेज बस स्टैंड मार्ग पर दुकानों के आगे चौपहिया वाहनों के खड़े रहने से पैदल राहगीरों को हाईवे की सड़क पर से होकर गुजारना पड़ता है।



करौली में कोतवाली थाने के बाहर बिगड़ी यातायात व्यवस्था के चलते सड़क पर लगा वाहनों का जाम।

## राशिफल मंगलवार 13 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, रेवती नक्षत्र दिन 1:32 तक, सौभाग्य योग प्रातः 5:55 तक, विष्टि करण प्रातः 9:29 तक, चन्द्रमा दिन 1:32 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मीन, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग दिन 1:32 से सूर्योदय तक है। कुमार योग दिन 1:32 से आरम्भ होगा। भद्रा प्रातः 9:29 तक है। पंचक दिन 1:32 पर समाप्त होंगे। आज मुनि नमीनाथ जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:02 से 10:44 तक, लाभ-अमृत 10:44 से 7:09 तक, शुभ 3:52 से 5:34 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:17

**मेष**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ बनी रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**वृष**
अपने आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात मित्रों-रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कर्क**
धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

**तुला**
व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात महत्वपूर्ण मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मीन**
अपनी कार्ययोजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# कर्ज लेकर घी पी रही कांग्रेस सरकार, राहत के नाम पर करोड़ों रुपए हो रहे हैं खर्च : अरूण सिंह

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र ओमप्रकाश पहाड़िया, कांग्रेस महासचिव और पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के भतीजे महासचिव बिजेंद्र सिंह शेखावत, बसपा के प्रदेश महासचिव अशोक वर्मा और सेवानिवृत आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन मीणा ने अपने सैंकडों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इन सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

सदस्यता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन और गहलोत सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आमजन का गहलोत सरकार से विश्वास उठ चुका है। खोखली घोषणाओं वाली गहलोत सरकार अब महज घोषणावीर सरकार बनकर रह गई है। कर्जा लेकर घी पीने वाली कांग्रेस सरकार राहत के नाम पर करोडों रूपए विज्ञापनों में बहा रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्याप्त जंगलराज, बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए मौजूदा सरकार रोज छोटी-छोटी घोषणा करके आमजन का ध्यान भटका रही है। राजस्थान में 17 बार पेपर लीक और 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीनें नीलाम हो गई। मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली गहलोत सरकार से जनता सवाल कर रही है कि हमें बिजली कब मिलेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है, मोदीजी की जनकल्याणकारी नीतियों में आमजन आस्था रखता है। मोदी के विकास कार्यों के चलते ही कॉंग्रेस, बसपा सहित अन्य दलों के लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कॉंग्रेस को डूबता हुआ जहाज बताते हुये उन्होंने कहा कि नेतृत्व विहीन कॉंग्रेस में भ्रष्टाचार वादा खिलाफी और अविश्वास के चलते गहलोत सरकार का जाना तय है। मोदी सरकार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य पिछले साठ साल में नहीं हुये, वे महज नौ वर्षों में पूरे हो गये।



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया के सुपुत्र ओम प्रकाश पहाड़िया ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी व प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह भी मौजूद थे।

■ 'भाजपा की लोक कल्याणकारी नीतियों के चलते पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र सहित कांग्रेस और बसपा के महासचिव ने थामा भाजपा का दामन'

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाडिया के सुपुत्र ओम प्रकाश पहाडिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुये कहा कि प्रदेश में व्याप्त विसंगतियों जिसमें भ्रष्टाचार, दलितों और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से प्रदेश की जनता त्रस्त हैं। साढे चार साल बीत जाने के बाद चुनावी समय में गहलोत सरकार रेवड़ियाँ बाँटने का काम कर रही है। अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के महासचिव पद से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले बिजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कॉंग्रेस में कार्यकर्ताओं की अनदेखी होती है। उन्होंने कहा कि मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा का दामन थाम रहे हैं। बसपा के प्रदेश महासचिव पद से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले अशोक वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा दलितों की हितैषी विचारधारा है। प्रदेश में दलित अत्याचार और भ्रष्टाचार से आमजन में रोष व्याप्त है। सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी चन्द्रमोहन मीणा ने कहा कि प्रशासनिक सेवा के अनुभव के आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि भाजपा सामाजिक समरसता उत्थान और सबका साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है। भाजपा की बदौलत ही आज देश में आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के शीर्ष पद पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी धर्म और जातियों को साथ लेकर चलने वाली प्रजातांत्रिक पार्टी है।



भारतीय सेना में नाथुला टाइगर के नाम से विख्यात कर्नल बिशन सिंह राठौड़ का रविवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह सीकर रोड स्थित मोक्षधाम में पूरे सैन्य सम्मान से किया गया। उनकी शवयात्रा सोमवार सुबह उनके निवास स्थान डी-2, शैतान विहार, विद्याधर नगर, सेक्टर-1 से रवाना होकर सीकर रोड मोक्षधाम पहुंची।

# बगरू को जयपुर में रखने की मांग

■ विधायक गंगादेवी के नेतृत्व में सैकड़ों पहुंचे खाचरियावास हाउस

**जयपुर**, (का.प्र.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बगरू विधानसभा क्षेत्र से विधायक गंगादेवी के नेतृत्व में आये सैकड़ों नागरिकों, 31 सरपंचों, व्यापार मण्डलों के पदाधिकारियों और बगरू के नगर पालिका क्षेत्र से आये पार्षदों और व्यापारिक प्रतिनिधि मण्डलों को सम्बोधित करते हुये कहा कि बगरू विधायक और वहां की जनता को पूरा सम्मान दिया जायेगा।

खाचरियावास ने कहा कि राजधानी जयपुर के दो टुकड़े नहीं होंगे। जयपुर में बगरू, सांगानेर, मालवीय नगर, विद्याधर नगर, हवामहल, आदर्श नगर, किशनपोल, सिविल लाईन्स, आठ विधानसभा क्षेत्र सहित हैरिटेज व ग्रेटर नगर निगम के 250 वार्डों से जयपुर लोकसभा और राजधानी के रूप में काम कर रहे हैं। जयपुर का स्वाभिमान, सम्मान, विरासत, इतिहास, रियासतकाल से राजस्थान की राजधानी के रूप में जाना जाता है। राजधानी का अपना एक सम्मान और वर्चस्व और गरिमा होती है, उस गरिमा के मध्यनजर जयपुर शहर लोकसभा की आठों विधानसभाओं और दोनों नगर निगम को जयपुर में रखा जायेगा। खाचरियावास ने कहा कि बगरू विधानसभा क्षेत्र के एक हजार से ज्यादा लोगों का सिविल लाईन्स पहुंचना, इस बात का प्रमाण है कि विधायक गंगादेवी और सभी लोग बगरू को पहले की तरह जयपुर में ही रखना चाहते है।खाचरियावास ने कहा कि बगरू के लोग, जब दूदू में नहीं जाना चाहते तो बगरू के लोगों की भावनाओं का सम्मान रखा जायेगा, क्योंकि वो पहले से राजधानी जयपुर में शामिल है। बगरू को दूदू में नहीं दिया जा सकता, बगरू को जयपुर में ही रखा जायेगा। खाचरियावास के आश्वासन के साथ हजारों की तादाद में आये बगरू के नागरिक सिविल लाईन्स से अपने-अपने क्षेत्रों में चले गये।

विधायक गंगादेवी ने कहा कि यदि बगरू को जयपुर से अलग करके दूदू के साथ जोड़ा गया तो वो बगरू की जनता के साथ हाईवे जाम करके बैठ जायेगी। उन्होंने खाचरियावास से कहा कि यदि बगरू को जयपुर से अलग किया तो वो स्वयं जनता के साथ आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## चिमनपुरा में अब नवीन कृषि महाविद्यालय

**जयपुर।** जयपुर जिले के चिमनपुरा में बाबा नारायण दास राजकीय कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा। यह महाविद्यालय निर्माणाधीन भवन में पृथक से संचालित होगा।

# एक अक्टूबर तक 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी कर सकेंगे विधानसभा चुनाव में मतदान

■ 23 जून तक बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की जिला स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा

**जयपुर**, (का.सं.)। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन विभाग ने अपनी तैयार तेज कर दी हैं। तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने सोमवार को जिला स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा की एवं उनसे पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सुझाव मांगे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूचियां दुरुस्त करने के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विविध प्रकार के कार्य सम्पादित किये जा रहे हैं।

बैठक में राजपुरोहित ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने, प्रारूप मतदाता सूची बीएलओ को उपलब्ध करवा कर पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची की त्रुटि रहित बनाने हेतु बीएलओ का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने ने बताया कि जयपुर जिले में पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियों में 23 जून तक बीएलओ घर घर जाकर परिवार के मुखिया से सत्यापन किया जाएगा। तथा बीएलओ द्वारा अपंजिकृत पात्र व्यक्ति एकाधिक प्रविष्टियां/मृत मतदाता/स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाता, विशेष योग्यजन मतदाता के संबंध में सूचनाएं एकत्रित करेगा एवं मतदाता सूची में प्रविष्टियों में सुधार की सूचना एकत्रित करेगा। साथ ही उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश हैं कि मतदान केन्द्रों के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के पश्चात मतदान केन्द्रों के सुव्यवस्थिकरण के प्रस्ताव तैयार किये जावें।

यदि कोई आवेदक मतदात सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रारूप 6 में आवेदन करते समय अपना यूनिक मोबाइल की सूचना प्रस्तुत करता है तो पंजीकरण होने की स्थिति में वह अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र ई-पिक ऑनलाइन से प्राप्त कर सकता है।

# केंद्र सरकार की अल्पसंख्यक जन कल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इस मौके पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने केन्द्र सरकार की अल्पसंख्यक जन-कल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर का विमोचन किया।

उन्होंने कहा कि मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं चुनाव में जुट जाना चाहिए व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। बैठक के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप बोलते हुए संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा ही अल्पसंख्यक समाज के हितों के कार्य करते रहे हैं। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब भी और देश के प्रधानमंत्री बने तब भी। इसका प्रमुख उदहारण यह है कि खाड़ी के देशो ने हमेशा ही हमारे प्रधानमंत्री को बेहद मान-समान दिया है। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व मोर्चे के प्रदेश प्रभारी सरदार अजय पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश का अल्पसंख्य समाज भाजपा के साथ है व उसकी रिति-नितियों का हमेशा ही समर्थन करता आया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एम. सादिक खान ने कहा कि प्रदेश का अल्पसंख्यक समाज इस बार अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक समाज से की गई वादाखिलाफी को लेकर से बेहद नाराज है इस का परिणाम चुनाव के वक्त में देखने को मिलेगा। बैठक का संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती ने किया व उन्होंने पदाधिकारियों उनके प्रवास के बारे में जानकारी दी। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसेन खान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## प्रदेश में दो नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को दो नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान केवल एक ही मरीज के ठीक हुआ है। राज्य में फिलहाल 17 एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में सोमवार को उदयपुर में 2 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले रविवार को तीन रोगी पाए गए थे।

# महिला न्यायिक अधिकारी से दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों को जमानत

■ जयपुर के प्रतापनगर में डी-मार्ट की घटना

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रताप नगर के डी-मार्ट में बीते दिनों महिला न्यायिक अधिकारी की लज्जा भंग और उसके परिजनों से मारपीट के मामले में आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अवकाशकालीन न्यायाधीश प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी लोकेश, संजय कुमार और नरेन्द्र शर्मा की जमानत याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिए।

जमानत याचिकाओं में अधिवक्ता सीसी रत्नु और सुरेश गुर्जर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया गया है। वहीं सह आरोपी मनीषा को पूर्व में जमानत पर रिहा किया जा चुका है।

इसके अलावा मामले में शिकायतकर्ताओं को कोई जानलेवा चोट नहीं आई हैं। इसके साथ ही याचिकाकर्ता लंबे समय से जेल में बंद हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार और शिकायतकर्ता के वकीलों ने कहा कि आरोपियों ने महिला न्यायिक अधिकारी की लज्जा भंग व मारपीट की है। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा नहीं किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत में तीनों आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि परिवादी जितेन्द्र विजय ने गत 21 मई को प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह अपने पत्नी और सास-ससुर के साथ डी-मार्ट गया था। यहां एक महिला लिफ्ट रोककर खडी थी। जब उसने महिला को हटने के लिए कहा तो उसने गाली-गलौच शुरु कर दी। वहीं महिला के पति के आने के बाद उससे धक्का-मुक्की की।

इस दौरान जब वे दूसरी मंजिल पर गए तो वहां भी उनके साथ मारपीट की गई। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि दो लोगों ने उन्हें जमीन पर गिरा दिया और न्यायिक अधिकारी पत्नी की लज्जा भंग करते हुए सास-ससुर से भी मारपीट की।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। जहां से अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया। मामले में पूर्व में निचली अदालत में जमानत अर्जी पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने महिला आरोपी को जमानत पर रिहा करते हुए तीनों याचिकाकर्ताओं की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था।

# जोधपुर, कोटा और अलवर सेना भर्ती रैली का आयोजन 15 से

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रथम चरण के तहत सेना भर्ती रैलिया, सेना भर्ती कार्यालय, जोधपुर, कोटा और अलवर द्वारा 15 जून से 23 जून,1 जुलाई से 7 जुलाई और 11 जुलाई से 18 जुलाई को आयोजित की जायेंगे। इन रैलियों में सफल उम्मीदवारों को अक्टूबर में विभिन ट्रेनिंग सेंटरों में भेज दिया जाएगा। चरण दो के तहत अगली सेना भर्ती रैलियों जनवरी 2024 में सेना भर्ती कार्यालय, जयपुर और सेना भर्ती कार्यालय, झुंझुनूं द्वारा आयोजित कि जाएगी। सफल अभ्यर्थियों को अप्रैल 2024 में रेजीमेंट ट्रेनिंग सेंटर में भेज दिया जाएगा।

21 मई को ज्वाइन इंडिया आर्मी की वेबसाइट पर कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) के तहत परिणाम घोषित कर पहले चरण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है। इसमें लगभग एक लाख उम्मीदवारों ने पूरे राजस्थान में 26 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में भाग लिया और तैतीस हजार से अधिक उम्मीदवारों को नई भर्ती प्रक्रिया के दूसरे चरण के तहत भर्ती रैली के लिए बुलाया गया है। कॉल अप के आधार पर सेना भर्ती कार्यालयों द्वारा सेना भर्ती रैलियों का संचालन किया जाएगा जिसमें स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद चिकित्सा परिक्षण किया जाएगा।

# भाजपा का सचिवालय घेराव आज


**जयपुर।** भाजपा की ओर से मंगलवार को गहलोत सरकार की लचर कानून व्यवस्था जंगलराज, बढ़ते अपराध और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ सचिवालय घेराव किया जाएगा। प्रात: दस बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय पर सभी भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित होंगे।

## डॉ.पूनिया उत्तरप्रदेश प्रवास पर आज से

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में केन्द्र सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार लोकसभा महाजनसंपर्क अभियान के तहत राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया मंगलवार ओर बुधवार को उत्तरप्रदेश प्रवास पर रहेंगे, जहां वह सम्भल और मैनपुरी लोकसभा क्षेत्रों में लाभार्थी सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलन और जनसभाओं को संबोधित करेंगे। डॉ. पूनियां 13 जून को सुबह 7 बजे जयपुर से उत्तरप्रदेश के लिये प्रस्थान करेंगे। मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देशय से सतीश पूनिया 13 जून को सम्भल लोकसभा क्षेत्र के कुंदरकी में दोपहर 12.15 बजे प्रबुद्ध सम्मेलन, दोपहर 2 बजे बहजोई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## 'जनता के विकास के मुद्दों पर ध्यान दें'

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि अशोक गहलोत, आप राजस्थान के मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ राज्य के गृह विभाग के भी मुखिया हो। जब निर्दलीय विधायक को खरीदने के लिए सरकार गिराने की साजिश में शामिल लोग पैसा लेकर बांसवाड़ा तक आ गए, डिक्की में पैसा भी रख दिया तो आपकी खुफिया एजेंसी हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठी रही? विधायकों की खरीद फरोख्त को लेकर नित नए बयान देकर चाय की प्याली में तूफान लाने का काम बंद करें और जनता के विकास के मुद्दों पर ध्यान दें तो बेहतर होगा।



बिपरजोय तूफान के कारण गुजरात व महाराष्ट्र के तटीय इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं, इसका असर राजस्थान में भी देखने को मिलेगा लेकिन आज चल रही लू के कारण जयपुर में लोगों का हाल खराब है। विद्याधर नगर के किसन बाग के पीछे बने रेत के टीलों से बहते रेत के झरने गर्मी व लू के हालात बयां कर रहे हैं। फोटो : दिनेश भारद्वाज


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता हैं कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री रामजीलाल शर्मा** (बिवाई) वालों का स्वर्गवास 11.6.2023 को हो गया है। तीये की बैठक 13.6.2023 को सायं 5 से 6 बजे तक एस.बी. गार्डन, सीविल लाईन्स, मैट्रो स्टेशन के पास में होगी।

**शोकाकुल**- भगवती देवी(पत्नी), महेन्द्र, नरेन्द्र (पुत्र), गोपाल, प्रकाश, राजू, दिनेश (भतीजे), सागर, आकाश, गौरव, हिमांशु (पोत्र), दीपाशा, जन्हावी (पौत्री) एवं समस्त तिवाडी परिवार

8426074363, 9929646666

**शोक सभा**



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती धापा देवी** धर्मपत्नी श्री कल्याण सहाय जी शर्मा (पूर्व सरपंच) का 09/06/2023 स्वर्गवास हो गया है। शोक सभा निजनिवास द्वारापुरी पर रखी गई है।

**शोकाकुल**- गिर्राज प्रसाद, विपिन कुमार, कुंज बिहारी, कपिल शर्मा (पुत्र) एवं पलसाला परिवार द्वारापुरा बांदीकुई दौसा फर्म- कल्याण रेडिमेड बांदीकुई, कल्याण फैशन बस्सी, गिर्राज प्रसाद FPS डीलर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मेरे अम्बुजा सीमेन्ट लिमिटेड के 20 शेयर सर्टिफिकेट खो गये है। जिनका Folio No. 0026916, Certificate No.. 43177, Dist No. 1513514924-1513514943 है। मिलने पर सम्पर्कः आराधना श्रीवास्तव, B-63, रेल नगर, निर्माण नगर जयपुर- 9829559600

प्लाट नम्बर 31, हनुमान नगर, भांकरोटा, जयपुर के मेरे हित में निष्पादित पट्टा, रसीद एवं साईट प्लान घर से भांकरोटा चौराहे पर जाते वक्त 07.06.2023 को कहीं गिर गये है, किसी भी व्यक्ति को मिले तो सूचित करें। श्रीमती संतोष कश्यप मोबाईल नम्बर 8432226464

**आम सूचना-** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यि श्री प्रमोद चन्द महनोत पुत्र श्री उत्तम चन्द जी मुनोत निवासी डढ्ढा बिल्डिंग गोपाल जी का रास्ता चौकड़ी विश्वेशवर जी जयपुर हाल निवासी प्लाट नं. सी 345 हंस मार्ग मालवीय नगर जयपुर 302017 के स्वयं कि मिल्कियत, स्वामित्व व अधिकार की एक जमीन जो जयपुर, चौकडी हवाली शहर, शर्की शुमाली, मौहल्ला बास बदनपुरा, अहाता नवाब साहब के बाहर, बिलोचियों की मसजिद के पास खसरा नम्बर 273 गैर मुमकीन आबादी क्षेत्र में स्थित है, जिसकी नाप उत्तर-दक्षिण पूर्व की ओर से 77 फीट 6 ईन्च व पश्चिम की ओर से 77 फीट 8 ईन्च व पूर्व-पश्चिम उत्तर की ओर से 143 फीट व दक्षिण की ओर 131 फीट 3 ईन्च है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1222.33 वर्गगज है। उक्त भूमि की दक्षिणी लाईन में पूर्व की ओर से 46 फीट जमीन छोड़कर 36 फीट 6 ईन्च बाई 36 फीट 6 ईन्च जमीन पर मकानात बने हुये हैं, जिन पर म्युनिसिपल कमेटी का नम्बर 967 पड़ा हुआ है, शेष खाली जमीन है, जिसकी चारों सीमाओं में पूर्व में श्रीमती सरदार प्रभा मुनोत की जमीन, पश्चिम में सरदार खाँ पुत्र ममताज खाँ की जमीन जो नवाब सहाब के अहाते के नाम से विख्यात है, इसके बाद कुछ दक्षिणी हिस्से में रैगरों की बस्ती है, उत्तर में 12.0 फीट चौड़ा आमद रफ्त के बाद श्री प्रेम चन्द डढ्ढा की जमीन व दक्षिण में श्रीमती सरदार प्रभा की जमीन मिली हुई स्थित है। उपरोक्त वर्णित जमीन के विक्रय के सम्बन्ध में मेरे अभिभाष्य श्री प्रमोद चन्द महनोत ने दिनांक 15.03.2022 को श्री मिर्जा इक्तेदार बेग पुत्र श्री मिर्जा इफ्तेखार बेग आयु 62 वर्ष निवासी 104ए रॉयल एन्साइन, प्लाट नम्बर ए-6, पृथ्वीराज रोड, सी-स्कीम, जयपुर राजस्थान 302001 के साथ एक विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया परन्तु आज दिनांक तक भी श्री मिर्जा इक्तेदार बेग पुत्र श्री मिर्जा इफ्तेखार बेग ने इकरारनामे की शर्तों की पालना नहीं की है जिसके परिणामस्वरूप इकरारनामा स्वतः निरस्त मान लिया गया है। इसके उपरान्त श्री मिर्जा इक्तेदार का उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कोई हक व अधिकार नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य श्री प्रमोद चन्द महनोत उपरोक्त संपत्ति को किसी अन्य दीगर व्यक्ति को बेचान करने के लिए स्वतंत्र है। सूचित रहे।

तनय जैन, एडवोकेट, 9529463499

**आम सूचना-** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री विवेक जैन पुत्र श्री गुमानमल जैन निवासी लेन नम्बर 3, न्यू कायस्थ कॉलोनी, लोहागल मार्ग, एस.बी. बी.जे. बैंक के पास, अजमेर, जिला अजमेर 305001 के स्वयं कि मिल्कियत, स्वामित्व व अधिकार की एक जमीन जो जयपुर, चौकडी हवाली शहर, शर्की शुमाली, मौहल्ला बास बदनपुरा, अहाता नवाब साहब के बाहर, बिलोचियों की मसजिद के पास खसरा नम्बर 273 गैर मुमकीन आबादी क्षेत्र में स्थित है, जिसकी नाप उत्तर-दक्षिण 128 फीट व पूर्व-पश्चिम 143 फीट है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2033. 77 वर्गगज है। जिसकी चारों सीमाओं में पूर्व में जमीन श्री घासीमल जी की मिली हुई है, पश्चिम में सरदारखाँ वल्द मुमताज खाँ की जमीन जो नवाब सहाब के अहाते के नाम से विख्यात है, उत्तर में बगीची श्री सरदार खाँ की व दक्षिण में श्री प्रमोद मुनोत की जमीन स्थित है। उपरोक्त वर्णित जमीन के विक्रय के सम्बन्ध में मेरे अभिभाष्य श्री विवेक जैन ने दिनांक 15.03.2022 को श्री मिर्जा इक्तेदार बेग पुत्र श्री मिर्जा इफ्तेखार बेग आयु 62 वर्ष निवासी 104ए रॉयल एन्साइन, प्लाट नम्बर ए-6, पृथ्वीराज रोड, सी-स्कीम, जयपुर राजस्थान 302001 के साथ एक विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया परन्तु आज दिनांक तक भी श्री मिर्जा इक्तेदार बेग पुत्र श्री मिर्जा इफ्तेखार बेग ने इकरारनामे की शर्तों की पालना नहीं की है जिसके परिणामस्वरूप इकरारनामा स्वतः निरस्त मान लिया गया है। इसके उपरान्त श्री मिर्जा इक्तेदार का उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कोई हक व अधिकार नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य श्री विवेक जैन उपरोक्त संपत्ति को किसी अन्य दीगर व्यक्ति को बेचान करने के लिए स्वतंत्र है। सूचित रहे।

एडवोकेट तनय जैन, 9529463499

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण सईद कुरैशी पुत्र श्री अब्दुल रज्जाक व रजिया पत्नी श्री सईद कुरैशी निवासीगण- मकान नं.2/127, आजाद नगर, जवाहर नगर, बाईपास, जयपुर राजस्थान के पुत्र वसीम व उसकी पत्नी सना उर्फ गुडिया मेरे अभिभाष्यगण के कहे मे नहीं है एवं मेरे अभिभाष्यगण को झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी देते है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने पुत्र वसीम व बहु सना उर्फ गुडिया को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वसीम व सना उर्फ गुडिया का मेरे अभिभाष्यगण से किसी प्रकार को कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहा है यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।

जयपुर (Shameem Kureshi) Advocate, M.: 9828598401

**आम सूचना-** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती अंजुला जैन पत्नी श्री विवेक जैन निवासी लेन नम्बर 3, न्यू कायस्थ कॉलोनी, लोहागल मार्ग, एस.बी.बी.जे. बैंक के पास, अजमेर, जिला अजमेर-305001 के स्वयं कि मिल्कियत, स्वामित्व व अधिकार की एक जमीन जो जयपुर, चौकडी हवाली शहर, शर्की शुमाली, मौहल्ला बास बदनपुरा, अहाता नवाब साहब के बाहर, बिलोचियों की मसजिद के पास खसरा नम्बर 273 गैर मुमकीन आबादी क्षेत्र में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1448.5 वर्गगज है। जिसकी चारों सीमाओं में पूर्व में मकान नबीदाद खाँ का जो अब अब्दुल कादर का है, बीच में आमरफ्त की 26 फीट 6 ईन्च चौडा रास्ता, पश्चिम में मकान व जमीन सरदार खाँ की व कुछ दक्षिणी हिस्से में मकान रेगारान बीच में जमीन रास्ता है उत्तर में जमीन श्री घासीमल जी की व दक्षिण में मतीबद बिलोचियान बीच में जमीन रास्ता स्थित है। उपरोक्त वर्णित जमीन के विक्रय के सम्बन्ध में मेरी अभिभाष्या श्रीमती अंजुला जैन ने दिनांक 15.03.2022 को श्री मिर्जा इक्तेदार बेग पुत्र श्री मिर्जा इफ्तेखार बेग आयु 62 वर्ष निवासी 104ए रॉयल एन्साइन, प्लाट नम्बर ए-6, पृथ्वीराज रोड, सी-स्कीम, जयपुर राजस्थान 302001 के साथ एक विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया परन्तु आज दिनांक तक भी श्री मिर्जा इक्तेदार बेग पुत्र श्री मिर्जा इफ्तेखार बेग ने इकरारनामे की शर्तों की पालना नहीं की है जिसके परिणामस्वरूप इकरारनामा स्वत: निरस्त मान लिया गया है। इसके उपरान्त श्री मिर्जा इक्तेदार का उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कोई हक व अधिकार नहीं है तथा मेरी अभिभाष्या श्रीमती अंजुला जैन उपरोक्त संपत्ति को किसी अन्य दीगर व्यक्ति को बेचान करने के लिए स्वतंत्र है। सूचित रहे।

तनय जैन, एडवोकेट, 9529463499

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम शहजाद पुत्र अब्दुल मजिद खान से बदलकर शहजाद खान पुत्र अब्दुल मजिद खान रख लिया है, भविष्य में मुझे शहजाद खान के नाम से जाना जावें। पता-मोहल्ला हाण्डीपुरा, वार्ड नम्बर 08, आमेर, जयपुर-302028

I have changed my name from Rachana Bhargava to Rachna Bhargava for all purpose R/o 516 Unique Sanghi Apartment Opp Durgapura Railway Station Mahaveer Nagar Jaipur.

I have changed my name from Manish Sancheti to Manish Hanuman Sancheti, in future I shall be known as Manish Hanuman Sancheti. Address- B-201, Seven Heaven Lalarpura Road, Gandhi Path West Jaipur 302021

I Shiwani Mahendra Sethiya D/o Mahendra Sethiya and W/o Satyendra Singh R/o 613/615, 6th Floor, Imperial Heghts, Vaishali Estate, Gandhi Path West, Vaishali Nagar, Jaipur, Rajasthan-302021, have changed my name to Shiwani Satyendra Singh

# गैंगस्टर रोहित के गुर्गे दानाराम उर्फ दानिया के घर पर चला बुलडोजर

## दानाराम उर्फ दानिया का घर बुलडोजर से गिराया, जो उसके पिता के नाम पर था

**बीकानेर,** (निसं)। यहां एक बार फिर हिस्ट्रीशीटर और बदमाशों पर एक्शन लिया गया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे लूणकरनसर में गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे दानाराम उर्फ दानिया का घर बुलडोजर से गिरा दिया गया, जो उसके पिता जगदीश के नाम पर था। इसे अवैध बताते हुए जेसीबी चलाई गई। दानाराम पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है।

जानकारी के अनुसार लूणकरनसर के वार्ड संख्या दो में बने इस मकान को तहसीलदार ने अवैध माना। सोमवार को लूणकरनसर थाना पुलिस के साथ कालू, जामसर और महाजन थाने की पुलिस भी मौके पर तैनात की गई। चार थानों के थानेदार के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप अधीक्षक भी मौके पर रहे। इसके बाद जेसीबी ने सुबह करीब आठ बजे तोड़फोड़ शुरू कर दी। जगदीश जाट के घर से सभी लोगों को बाहर निकाला गया। सामान निकालने के लिए समय दिया गया।

बाद में तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। अंदर बने कमरे और घर की दीवारों को देखते ही देखते मलबे में तब्दील कर दिया गया। इस मलबे को सरकार के निर्देश पर ही यहां से हटाया जाएगा। अगर मलबे को हटाने का प्रयास किया जाएगा तो फिर से कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए भी

- **चार थानों की पुलिस रही तैनात, पांच बदमाशों पर एक्शन का प्लान बनाया**

बीट कॉन्स्टेबल और लूणकरनसर पुलिस को पाबंद किया गया है। हिस्ट्रीशीटर दानाराम के पिता जगदीश ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाया हुआ था। मकान में कमरे, आंगन, स्टोर सब कुछ बने हुए थे। पुलिस थाने से महज 300 मीटर दूर कस्बे की सुरनाणा रोड़ पर घर बना रखा था।

दानाराम के खिलाफ बीकानेर में कुल 10 मामले हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार और अवैध वसुली के दर्ज हैं। जो अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। इसमें लूणकरणसर में फिरौती का एक मामला दर्ज है। जबकि बीकानेर के गंगा शहर और एक अन्य थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। 10 में से 3 मामलों में वह फरार चल रहा है।

मौके पर पुलिस एक जेसीबी, तीन ट्रेक्टर ट्रोली, पानी का टैंकर, आंसू गैस वाहन और 300 जवानों के साथ सुबह 7 बजे पहुंची। मकान से समान रात्रि में ही हटा लिया गया था। दानाराम के पिता सहित परिवार के सदस्यों ने किसी भी प्रकार का विरोध नहीं किया। मकान व दुकान को तोड़ने में प्रशासन को लगभग तीन घंटे का समय लगा।

पुलिस इन दिनों हिस्ट्रीशीटर्स पर कार्रवाई कर रही है। बीकानेर में हिस्ट्रीशीटर्स पर कार्रवाई का सिलसिला अभी चल रहा है। कुल पांच हिस्ट्रीशीटर्स पर कार्रवाई के लिए प्लान बन चुका है। आने वाले दिनों में उनके घरों पर भी जेसीबी चलाई जा सकती है। हालांकि इससे पहले संबंधित विभाग से मकान व जमीन का सही स्टेट्स का पता लगाया जा रहा है।

# रितिक बॉक्सर के गुर्गे मणी सिंह के अतिक्रमण को किया ध्वस्त

## डेढ़ करोड़ रुपए की भूमि खाली कराई, तीन थानों की पुलिस और जाप्ता रहा मौजूद

**हनुमानगढ़,** (निसं)। हार्डकोर अपराधी रितिक बॉक्सर के गुर्गे मणी सिंह की ओर से जिले की सतीपुरा ग्राम पंचायत में गौशाला के नाम पर डेढ़ बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को सोमवार को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अब राजस्थान में भी अपराधियों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाने लगा है।

हार्डकोर अपराधी रितिक बॉक्सर के गुर्गे मणी सिंह का हनुमानगढ़ जिले की सतीपुरा ग्राम पंचायत में गौशाला के नाम पर डेढ़ बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को सोमवार को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान 3 थानों की पुलिस और बड़ी संख्या में जाप्ता तैनात रहा। इस जमीन की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। मणी सिंह पर हत्या, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस, आबकारी और राजकार्य में बाधा के 14 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश के निर्देश पर और एसपी सुधीर चौधरी के सुपरविजन में सोमवार को हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना क्षेत्र के गांव सतीपुरा में हिस्ट्रीशीटर मणीसिंह के अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। सरपंच प्रतिनिधि गुरलाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के जोहड़ पायतन की भूमि पर पिछले पांच-छह साल से मणीसिंह ने कब्जा कर रखा था। जंक्शन थाना प्रभारी नरेश गेरा ने बताया कि शहर के दो भाजपा पार्षदों को कॉल कर लॉरेन्स बिश्नोई गैंग की धमकी देकर 50-50 लाख रुपए की फिरौती मांगने के संबंध में दर्ज मुकदमे में पिछले दिनों हार्डकोर बदमाश रितिक बॉक्सर को प्रोडक्शन वारण्ट पर जयपुर सेंट्रल जेल से गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ के दौरान रितिक बॉक्सर के सहयोगी मणीशंकर उर्फ मणिया उर्फ मणीसिंह निवासी वार्ड 1, गांव सतीपुरा को भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। मणीशंकर स्थानीय व्यापारियों के मोबाइल नम्बर रितिक बॉक्सर को उपलब्ध करवाता था। रितिक बॉक्सर इन नम्बरों पर वर्चुअल कॉल कर फिरौती की मांग और जान से मारने की धमकी देता था। गत दिनों पुलिस ने मणीशंकर को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। हिस्ट्रीशीटर मणी ने ये राज पुलिस रिमांड के दौरान खोले थे।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश हैं कि संगठित गैंग विशेष रूप से लॉरेन्स गैंग से जुड़े और नशे का कारोबार करने वाले अपराधी, जिन्होंने अपराध कर राशि अर्जित की है। कोई संपत्ति बनाई है या कहीं अवैध अतिक्रमण किया है। ऐसे अपराधियों की ओर से किए गए अवैध कब्जों को चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में वैध नोटिस देकर अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। यह भी जानकारी जुटाई जा रही है कि और किन अपराधियों ने इस तरह से अवैध अतिक्रमण कर रखा है। उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। अब तक ऐसे कुल 6 अपराधियों को चिह्नित कर लिया गया है, जो मोस्ट वांटेड हैं या खतरनाक अपराधी हैं। जिले की सतीपुरा ग्राम पंचायत में गौशाला के नाम पर डेढ़ बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर वहां सरकारी भूमि के बोर्ड लगाए गए। स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों से शेष 5 अपराधियों की संपत्ति की जानकारी ली जा रही है।

जंक्शन सिटी थानाप्रभारी नरेश गेरा ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर मणी उर्फ मणिशंकर पर 14 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। हिस्ट्रीशीटर पर हत्या, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस, आबकारी और राजकार्य में बाधा के मुकदमे दर्ज हैं। हार्डकोर बदमाश रितिक बॉक्सर के साथ कनेक्शन सामने आने के बाद कई अन्य मामलों में भी इसकी भूमिका सामने आई है, जिसके बाद जंक्शन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। अब अन्य ओर मामलों में भी हिस्ट्रीशीटर मणी का नाम सामने आ सकता है।

# 'जोधपुर को बांटने का निर्णय अविवेकपूर्ण और अनावश्यक'

## हार के डर से लुभावनी घोषणाएं कर रहे मुख्यमंत्री : केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह

**जोधपुर,** (कासं)। स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर के दो टुकड़े करने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण, अविवेकपूर्ण, अनुचित और अनावश्यक करार दिया। शेखावत ने कहा कि जिस तरह से जिले बनाए गए, जिस मानसिकता के साथ बनाए गए, जिस प्रयोजन के साथ बनाए गए, जिस तरीके से बनाए गए, यह अत्यंत निंदनीय है। केवल अपनी कुर्सी बचाए रखने के लिए इस तरह से व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न करने का काम यह कुकृत्य नहीं, पाप की श्रेणी में है। जोधपुर प्रवास के दौरान स्थानीय सर्किट हाऊस में केन्द्रीय मंत्री शेखावत सोमवार को मीडिया से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

इस साल के अंत में होने विधानसभा चुनावों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान की जनता ने पिछले साढे चार साल में जितने कष्ट देखे हैं। राजस्थान जिस तरह से हर मोर्चे पर विफल हुआ है। राजस्थान ने जिस तरह से भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राजस्थान ने जिस तरह से पेपरलीक के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राजस्थान में नए अपराध की दुनिया में जिस तरह नए कीर्तिमानी आंकड़े बनाए हैं। राजस्थान की जनता अपने आप को ठगा महसूस करती है। इन सबको लेकर जनता एक-एक दिन इंतजार कर रही है।

शेखावत ने कहा कि अभी जिस तरह की घोषणा करने का काम मुख्यमंत्री कर रहे हैं, वो घोषणाएं करने की क्यों आवश्यकता पड़ी? आवश्यकता इसलिए पड़ी है, क्योंकि उन्हें अब समझ में आ गया है कि साढ़े चार साल में जिस तरह से उनके कुशासन और कुव्यवस्था के कारण हालात बने हैं, अब राजस्थान की जनता उनको निकारने वाली है। उस डर से उन्होंने अब इस तरह की घोषणाएं करके, जिनका कोई आधार और बजट सपोर्ट नहीं है, जनता को लुभाने की कोशिश की है, लेकिन यह कोशिश नाकाम होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना उतना ही अवश्यंभावी है, जितना अवश्यतंभावी यह है कि कल का सूर्य पूरब दिशा से उदय होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा अबकी बार ऐतिहासिक बहुमत के साथ सरकार में आने वाली है।

**शीघ्र जोधपुर प्रवास पर आएंगे प्रधानमंत्री मोदी :-** शेखावत ने बताया कि शीघ्र प्रधानमंत्री मोदी का जोधपुर प्रवास तय होने वाला है, जिसमें जोधपुर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन की नई टर्मिनल बिल्डिंग, बहुप्रतिक्षित एलीवेटेड रोड और एम्स में ट्रोमा सेंटर का शिलान्यास होगा, जबकि जोधपुर में रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का उद्घाटन होगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की कई परियोजनाओं का शिलान्यास अथवा उद्घाटन होगा। शीघ्र इसकी तिथि तय होने वाली है।

शेखावत ने कहा कि एम्स के विस्तार को लेकर किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। पहले काजरी से एम्स को सौ एकड़ जमीन मिली थी। बाद में विस्तार के लिए और आवश्यकता थी। मैंने अपने पिछले कार्यकाल में 60 एकड़ जमीन और एम्स को दिलाई है। मुझे नहीं लगता कि इस लेकर अब कोई व्यवधान बाकी रह गया है।

### आंधी और बूंदाबांदी ने बढ़ाई उमस

**बीकानेर,** (निसं)। जून अब तपने लगा है। देर रात आई धूलभरी आंधी और बूंदाबांदी के बाद वातावरण में दिनभर उमस रही। मौसम विभाग ने संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। विभाग के निदेशक राधेश्याम ने अरब सागर की खाड़ी में भीषण चक्रवाती तूफान की आशंका जताई है। इसका असर राजस्थान पर भी पड़ेगा। 15 से 17 जून के बीच आंधी-बारिश होने की संभावना है। बीकानेर के मौसम में 15 जून तक किसी तरह के बदलाव की चेतावनी जारी नहीं की गई है। गर्म हवाओं का जोर रहा। अवकाश का दिन होने के कारण सड़कों पर आवाजाही कम रही। लोग घरों में एसी और कूलर चलाकर बैठे रहे।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम कम रहने पर कारण बताओ नोटिस

**करौली,** (निसं)। दसवीं बोर्ड के घोषित हुए परीक्षा परिणाम मे जिले के जिन विद्यालयों में विभागीय मानदंड से परीक्षा परिणम न्यून रहे उन विद्यालयों के संस्था प्रधानों को निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के द्वारा कारण बताओ नोटिस देते हुए चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस में स्पष्टीकरण नहीं दिया तो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से प्राप्त परीक्षा परिणाम के आधार पर ही आपके विरुद्ध सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के निदेशक कानाराम आईएएस ने नोटिस जारी कर संस्था प्रधान के पद पर कार्यरत रहते हुए विद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन किया है विद्यालय मे रहने के दौरान सत्र 2022-2023 मे कक्षा 10 का परिणाम विभागीय मानदंड से न्यून रहने पर विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही करने से पूर्व कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि न्यून परिणाम के संबंध में अपना 15 दिन में स्पष्टीकरण प्रेषित करें। उन्होंने जिले के उन विद्यालयों सलेमपुर के रामराज मीणा, लपावली के धीर सिंह मीणा, फाजलाबाद के अंजीराम मीणा, सैमरदा के संतोष कुमार सोनी, पदमपुरा के विश्राम लाल मीणा, क्यारदा खुर्द के राजेश कुमार शर्मा, तेसगांव के विजय सिंह मीणा, मामचारी की प्रेमलता, उर्देन के किशन लाल बैरवा, भरतून शिवचरण मीणा, डिकौलीकला के शिवचरण मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# एवीवीएनएल के तत्कालीन एस.ई. के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम झुंझुनूं के तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता महेश सिंघल के खिलाफ सोमवार को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, सदस्या नीतू सैनी की बैंच ने यह आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि झुंझुनूं जिले के टीटनवाड़ गांव के रहने वाले जगदीश मेघवाल ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद किया था कि उसके कृषि कनेक्शन को 24 घण्टे सप्लाई वाले फीडर से जोड़ कर रखा जाये। जिसका फैसला 19 मई 2016 को उपभोक्ता के पक्ष में आने पर विद्युत विभाग ने राज्य आयोग में अपील पेश की। राज्य आयोग में 9 फरवरी 2017 को परिवादी से विद्युत विभाग के नोडल

- **जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए**

अधिकारी के रूप में महेश कुमार सिंघल ने लोक अदालत की भावना से राजीनामा किया और उसके बाद महेश सिंघल ने अधीक्षण अभियंता झुंझुनूं के पद पर कार्यरत भी रहे हैं। राज्य आयोग के समक्ष लोक अदालत की भावना से हुए राजीनामा से सम्बन्धित आदेश की उपभोक्ता ने पालना कर दी लेकिन विद्युत विभाग परिवादी को चक्कर लगवाता रहा। लगभग 2 साल तक राज्य आयोग के आदेश की विद्युत विभाग द्वारा पालना नहीं करने से व्यथित होकर परिवादी ने दुबारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का दरवाज़ा खटखटाया।

जिस पर अध्यक्ष व पीठासीन अधिकारी मनोज मील के सामने अप्रैल महिने में मामला आया। जिस पर राज्य आयोग के सामने लोक अदालत की भावना से हुए राजीनामे की सच्चाई जानने व पारदर्शी तरीके से मामले का निस्तारण करने के लिए तत्कालीन एसई महेश सिंघल को जरिए अधिवक्ता कई बार तलब किया गया। अंतिम चेतावनी के तौर पर 30 मई 2023 को सिंघल को 12 जून को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष पेश होने के लिए पाबंद किया गया था। लेकिन फिर भी महेश सिंघल के उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। महेश कुमार सिंघल वर्तमान समय में अजमेर जिले में अधिशासी अधिकारी सतर्कता के पद पर कार्यरत है। इसलिए जिला आयोग से पुलिस अधीक्षक अजमेर को गिरफ्तारी वारंट भेजा गया है।

# वैभव गहलोत के मामले पर सी.एम. ने क्यों चुप्पी साध रखी है : किरोड़ी मीणा

**कोटा,** (निसं)। राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा सोमवार को कोटा के दौरे पर थे, जहां उन्होंने केंद्र की योजनाओं की जमकर तारीफ की वहीं राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए मीणा ने कहा कि वैभव गहलोत का मामला 10 से 12 साल पहले भी उठा था लेकिन तब इसे दबा दिया गया था। अब भी वैभव गहलोत का बचाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने सब साफ तरीके से बता दिया है कि पैसे किस रूट से सफेद हो रहे हैं और किसके जरिए मॉरीशस भेजे जा रहे थे।

मीणा ने कहा कि पीएमएलए के तहत मुकदमा दर्ज हो गया है। इसलिए उनके द्वारा लगाए गए आरोप सत्य प्रमाणित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम गहलोत कहते हैं कि वो ईडी को कई मामलों में पत्र लिख चुके हैं लेकिन जांच नहीं की गई। लेकिन हम कहते हैं कि आईटी और जल जीवन मिशन के घोटाले की सीएम क्यों नहीं बात कर रहे हैं। वैभव गहलोत के मामले पर सीएम ने भला क्यों चुप्पी साध रखी है। इसका साफ मतलब है कि चोर की

- **'जल्दी जल जीवन मिशन को लेकर घोटाला उजागर करेंगे'**

दाढ़ी में तिनका। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जल जीवन मिशन के मामले में राजस्थान में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें भी बहुत बड़ा घोटाला राजस्थान की सरकार ने किया है। जिसको उजागर हम कुछ ही दिनों में करेंगे। मीणा ने आरोप लगाया कि रीट के पेपर लीक में शामिल मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा और सुभाष गर्ग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीपी जारोली को बर्खास्त कर दिया गया लेकिन उनसे आज दिन तक न तो पूछताछ हुई और न ही उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस मामले में बड़े भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। साथ ही एसओजी आरोपियों को क्लीन चिट दे रही है।

हालांकि जब मीडिया ने पूछा कि चुनाव आने पर ही ईडी क्यों सक्रिय हो जाती है तो मीणा ने कहा कि ऐसा नहीं है लेकिन एक बार अगर इस बात को मान भी लिया जाए तो सीएम क्यों चिल्ला रहे हैं। यानी चोर की दाढ़ी में तिनका है। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि एसीबी और एसओजी शुरुआत में अच्छी कार्रवाई करती है लेकिन एक स्तर जाकर आगे कार्रवाई नहीं हो पाती है। यूडीएच में दलाल पकड़ा गया, परिवहन में कार्यवाही हुई व रीट में पेपर लीक हुए. इनमें शुरुआती कार्रवाई की गई लेकिन बाद में यह ठप हो गई। इस मामले में आगे बढ़ ना चाहिए था। किरोड़ीलाल ने आरोप लगाया था कि पेपर लीक में गोविंद सिंह डोटासरा और सुभाष गर्ग जैसे शामिल है। यह एजेंसी असरदार प्रभावशाली और सत्ताधारी लोगों तक चल जाएगी, तब यह जांच को बंद कर दिया जाता है। एसीबी व एसओजी इन पर हाथ नहीं डालती है। इसीलिए हम सब में कार्यवाही ईडी के लिए कहते हैं। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राजस्थान की जनता ने तय कर लिया है कि इनको बदलना अच्छी प्रभावशाली सरकार को लाना है। भारतीय जनता पार्टी ही विजनरी सरकार दे सकती है।

रेसलर के मामले में भी उन्होंने कहा कि प्रकरण दर्ज हो गया है और जांच चल रही है। जांच में बृजभूषण शरण सिंह दोषी होगा, तो जेल जाएगा, निर्दोष होगा तो पहलवानों के आरोप राजनीति से प्रेरित माने जाएंगे। जब उनसे पूछा गया चुनाव किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा, तो उन्होंने साफ कह दिया कि कमल के फूल के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सचिन पायलट वसुंधरा राजे सिंधिया और अशोक गहलोत दोनों पर आरोप लगा रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि पीसीसी के चीफ रहे हैं। रीट पेपर लीक और आरपीएससी को भंग करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे पर जो आरोप लगे थे वह ना तो कोर्ट में टिके हैं, नहीं जांच में टिक पाए हैं। इसलिए वह प्रमाणित आरोप नहीं है। संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के मामले में गजेंद्र सिंह शेखावत के खिलाफ भी एसओजी के जरिए कार्रवाई करने की बात उन्होंने कहा है। साथ ही कहा कि एसओजी मुख्यमंत्री के अधीन है मुख्यमंत्री आरोप लगाते हैं तो एसओजी से जांच करवा कर दोषी साबित क्यों नहीं करवा रहे।

# अंधड़ से जिले में 622 पोल व 22 ट्रांसफार्मर गिरे

## गंगनहर की समेजा वितरिका से निकलने वाले श्यामगढ़ माइनर में पेड़ गिरने से ओवरफ्लो होकर टूट गई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। बीती रात 80 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आए अंधड़ से जिले में बिजली के 622 खंभे टूटकर धराशायी हो गए तथा सब स्टेशनों पर लगे 22 ट्रांसफार्मर भी गिर गए। इससे डिस्कॉम को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। शहरी व ग्रामीण अंचल में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

दिनभर अलग-अलग इलाकों में बिजली बंद रहने व ट्रिपिंग की समस्या रही। गंगनहर की समेजा वितरिका से निकलने वाले श्यामगढ़ माइनर में पेड़ गिरने से ओवर फ्लो होकर टूट गई। इससे आसपास के खेतों में पानी भर गया। अंधड़ से अलग-अलग स्थानों पर पेड़ भी टूटकर नहरों में गिर गए। गंगनहर फीडर से जुड़ी एमके, एफ व एसएस माइनर में जगह-जगह पेड़ गिरने से लाइनिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई। समेजा वितरिका से निकलने वाले श्यामगढ़ माइनर में पेड़ गिरने से ओवरफ्लो होकर टूट गई। इससे आसपास के खेतों में पानी भर गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे किसानों व जल संसाधन विभाग की टीम ने माइनर का कटाव पाटकर पटड़ा दुरुस्त किया।

- **'16 व 17 जून को आंधी बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना'**

विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 35.7 व न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह के समय हवा में नमी 81 व शाम को 59 प्रतिशत दर्ज की गई। क्षेत्र में तेज अंधड़ के साथ बीती रात हुई बारिश से बागवानी में जहां नुकसान हुआ वहीं नरमा-कपास की खड़ी फसलों को फायदा हुआ है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के बताया कि आंधी के साथ हुई बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है। इससे अधिक गर्मी से झुलस रही फसलों को राहत मिली है। साथ ही सिंचाई पानी की मांग पूरी हुई है। तेज अंधड़ से किन्नू के बागों में फल झड़ने से नुकसान हुआ है। उद्यान विभाग के अधिकारियों के अनुसार बागों में अंधड़ से प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार फल झड़ने व टहनियां टूटने से 15 से 20 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों भी बना रहेगा आंधी बारिश का मौसम पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण पश्चिमी राजस्थान में आंधी बारिश का दौर चल रहा है। आगामी दिनों में भी इसका प्रभाव बना रहेगा। बीकानेर संभाग के अलग अलग क्षेत्रों में आंधी रूपी तेज हवाओं के साथ आगामी दो तीन दिनों में हल्की बारिश हो सकती है। 16 व 17 जून को आंधी बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना रहेगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। अधीक्षण अभियंता लाभसिंह मान ने बताया कि दिनभर सिस्टम को दुरस्त कर आपूर्ति बहाल करने का कार्य किया गया। शहरी क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह आपूर्ति बाधित है। इसे भी जल्दी बहाल कर दिया जाएगा।

# हार्डकोर अपराधी राजू फौजी को पुलिस जाप्ते के साथ कोर्ट में किया पेश

## जे.एम. अवकाश पर होने पर ए.सी.जे.एम. द्वितीय जालोर के समक्ष पेश किया, जहां से राजू फौजी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिये

**जालोर,** (कासं)। प्रदेश का कुख्यात तस्कर व भीलवाड़ा में दो पुलिस कॉनिस्टेबल हत्या करने के आरोपी राजू फौजी को सोमवार को जालोर जिले के सायला में एक आपराधिक प्रकरण में लिप्त होने पर भारी पुलिस बल के साथ जेएम कोर्ट में पेश किया गया। जेएम अवकाश पर होने पर एसीजेएम द्वितीय जालोर के समक्ष पेश किया। जहां से राजू फौजी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिये गये। वहीं जालोर जिला कारागाह के अधीक्षक ने हार्डकोर अपराधी राजू फौजी के लिए उक्त जेल उपयुक्त नहीं होने पर तुरंत ही अजमेर जेल में शिफ्ट करने के लिए रवाना किया गया।



जालोर के सायला में हार्डकोर अपराधी राजू फौजी को भारी पुलिस जाब्ते के साथ कोर्ट में पेश किया।

जालोर के कचहरी परिसर में सोमवार को सुबह करीब दस बजे भारी पुलिस जाब्ता के साथ पुलिस बस पहुंची। उक्त पुलिस बस में चार पांच सिविल वर्दी में पुलिस कर्मी व दस पन्द्रह हथियार बंध गनधारी पुलिस के जवान प्रदेश के कुख्यात तस्कर व हार्डकोर अपराध राजू फौजी व पाबूराम को अजमेर जेल से लेकर जालोर पहुंचे। आगे दो पुलिस की जीप, बीच में पुलिस बस में सवार राजू फौजी व पाबूराम तथा उसके पीछे डिप्टी जालोर रतनाराम देवासी मय जाब्ता के कोर्ट पहुंचे। तथा सीधे ही आरोपियों को कोर्ट में लेकर गये। पुलिस ने राजू फौजी व पाबू राम को जालोर के सायला क्षेत्र में किसी प्रकरण में वांछित होने पर पेशी पर लेकर आये थे। राजू फौजी को पहली बार जालोर कोर्ट में पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अवकाश पर होने पर लिंक अधिकारी एसीजेएम द्वितीय जालोर अंकित दवे के समक्ष राजू फौजी को पेश किया।

न्यायाधीश ने राजू फौजी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिये। इसके बाद भारी पुलिस बल के साथ जालोर के जिला कारागृह में राजू फौजी को ले जाया गया। लेकिन जालोर जेल में राजू फौजी जैसे कुख्यात अपराधी को रखने की सुविधा नहीं होने पर जेल अधिक्षक ने तुरंत राजू फौजी को पुन: अजमेर जेल के लिए रवाना किया। राजू फौजी भीलवाडा में तस्करी के दौरान दो पुलिस कॉनिस्टेबल पर गोली से फरार कर हत्या करने के बाद सुर्खियों में आया था। जिसके बाद एक लाख का इनाम राजू फौजी पर रखा था।

- **जालोर जिला कारागृह के अधीक्षक ने राजू फौजी के लिए उक्त जेल उपयुक्त नहीं होने पर अजमेर जेल में शिफ्ट करने के लिए रवाना किया**

राजू फौजी सीआरपीएफ की नौकर छोड़ कर पैसे कमाने के लालच में तस्करी व अपराध की दुनिया में कदम रखा था।

राजू फौजी को जोधपुर ने नाकबंदी कर घेर कर पकड़ा था। उस दौरान भी राजू फौजी ने पुलिस पर फायरिंग की थी। जिसके बाद जवाबी फारयिंग में राजू के पैर व सिर के पास गोली लगाने से घायल हो गया तथा उस दौरान पुलिस ने दबोच लिया था। तब से उसे अजमेर जेल में रखा गया था। जालोर के सायला में भी राजू फौजी पाबू राम के साथ अपराधिक मानव वध व अन्य किसी प्रकरण में लिप्त होने पर सोमवार को जालोर कोर्ट में पेशी पर लाया गया था।

# 'सील की डील' छुपाने के लिए सीजमुक्त संपत्तियों की रिपोर्ट दबाये बैठे है अफसर?

-कार्यालय संवाददाता-

- स्वायत्त शासन विभाग ने करीब एक वर्ष पहले आदेश जारी कर सीजमुक्त संपत्तियों का ब्यौरा प्रत्येक 2 माह में राज्य सरकार को भिजवाने का आदेश सभी निकायों को दिया था, लेकिन ताज्जुब की बात यह कि आज तक एक भी निकाय ने यह रिपोर्ट नहीं सौंपी
- अब स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश शर्मा ने पुराने आदेश का हवाला देते हुए पुनः नगरीय निकायों को चेतावनी दी है कि वे जल्द से जल्द पिछले 1 साल में सीलमुक्त की गई संपत्तियों की रिपोर्ट भिजवाएं, साथ ही आगे से रिपोर्ट हर माह की 15 तारीख तक भेजे

**जयपुर** । राजधानी जयपुर समेत प्रदेश की अधिकांश नगरीय निकायों में बिल्डिंगों को अवैध बताकर सीज करने और फिर गुपचुप खोलने का खेल पिछले कई वर्षों से चल रहा है, यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि स्वायत्त शासन विभाग के आदेश के बावजूद सभी नगरीय निकाय सीजमुक्त की गई संपत्तियों का रिकॉर्ड दबाए बैठे है। जिसके चलते अवैध निर्माणकर्ताओं के हौंसले भी बुलंदी पर है।

दरअसल स्वायत्त शासन विभाग ने नगरीय निकायों की मनमर्जी पर रोक लगाने के लिए करीब एक साल पहले एक आदेश जारी किया था। जिसमें सरकार ने सीजमुक्त संपत्तियों का ब्यौरा हर 2 महीने में सरकार को भिजवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन एक भी निकाय ने आज तक यह रिपोर्ट सरकार को नहीं भेजी है। अब सरकार ने पुराने आदेश के माध्यम से एक बार फिर निकायों को चेतावनी दी है कि वे जल्द से जल्द पिछले एक साल में सीलमुक्त की संपत्तियों की रिपोर्ट भेजें। साथ ही आगे से रिपोर्ट हर माह 15 तारीख तक सरकार को भिजवाने का भी आदेश में उल्लेख किया गया है। सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार ने बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन कर बनाई गई अवैध इमारतों को सीज करने के बाद पुनः भवनों की सील खोलने की एक पॉलिसी बनाई थी, लेकिन इस पॉलिसी की पालना कोई भी नगरीय निकाय नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर लगातार जनप्रतिनिधि सरकार को शिकायतें कर रहे थे, जिसके बाद सरकार ने यह आदेश जारी किया है। सील खोलने की आड़ में अधिकारी और कर्मचारी अपनी जेबें गर्म करते हैं। अकेले जयपुर में 250 से 300 इमारतें सील पड़ी हुई है। सरकार के इस आदेश के बाद दोनों नगर निगम ने कई संपत्तियों को सीलमुक्त किया है।

## मंदिर में चोरी करने वाले पकड़े

**जयपुर** । हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिर में चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों थाना क्षेत्र के मनसा माता मंदिर से चोरी की वारदात करने वाले आरोपी राहुल अग्रवाल (28) निवासी भोपजी की ढाणी हरमाड़ा और योगेश बलाई (20) निवासी अयोध्यापुरी कॉलोनी बालाजी सीकर रोड हरमाड़ा को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 पीतल की गरूड़ घंटी, एक पीतल का कमंडल और एक चोरी में प्रयुक्त ली गई मोटरसाइकिल को बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने शौक पूरा करने के लिए चोरी करना स्वीकार किया । फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## स्विमिंग पूल में डूबने से युवक की मौत

- मानसरोवर स्थित एस.आर.स्विमिंग पूल पर हुआ हादसा
- ऑफिस से छुट्टी लेकर दोस्तों के साथ गया था मृतक

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर क्षेत्र के स्विमिंग पूल में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। वह कंपनी से हॉफ-डे कर दोस्तों के साथ स्विमिंग करने गया था। ऊपर से पूल में छलांग लगाने पर वह पानी से बाहर नहीं निकल सका। मानसरोवर थाना पुलिस ने जयपुरिया हॉस्पिटल में पॉस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने स्विमिंग पूल संचालक के खिलाफ लापरवाही के चलते शनिवार को मौत होने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक अमित (21) पुत्र कैलाश धानका हाज्यावाला सांगानेर का रहने वाला था। सांगानेर स्थित गारमेंट कंपनी में जॉब करता था। गत 4 जून को सुबह अमित रोज की तरफ कंपनी में काम पर गया था। कंपनी के दोस्तों ने स्विमिंग का प्लान बनाया। कंपनी से हाफ-डे कर अपने दोस्त रामप्रसाद, भवानी, बाबू और पिंटू के साथ मांग्यावास मानसरोवर स्थित एस.आर.स्विमिंग पूल पर चला गया। दोपहर करीब 3 बजे स्विमिंग पूल में पांचों दोस्त नहाने उतर गए। पूल के ऊपर से अमित पानी के अंदर कूदा। पानी में छलांग लगाने के बाद वह बाहर नहीं निकला। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर दोस्तों को गलत होने का आभास हुआ। दोस्तों ने तुरंत अमित को ढूंढकर पानी से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में उसे तुरंत पास ही स्थित धन्वंतरी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे का पता चलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता कैलाश ने स्विमिंग पूल संचालक के खिलाफ लापरवाही से चलते मौत होने का मामला दर्ज करवाया है। मृतक के पिता का कहना है कि दोस्तों के कहने पर बेटा अमित हॉफ-डे लेकर स्विमिंग करने गया था। उसने स्विमिंग जाने के बारे में घर पर भी नहीं बताया था। स्विमिंग पूल पर तैरने के दौरान सुरक्षा उपकरणों, सुरक्षाकर्मियों व अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण बेटे अमित की डूबने से मौत हो गई।

# 50 हजार रु. की रिश्वत का लेनदेन करते वरिष्ठ लेखाधिकारी और ठेकेदार गिरफ्तार

### सामाजिक न्याय-अधिकारिता विभाग का टैंडर एक वर्ष के बजाय सीधे 2 वर्ष के लिए देने और संरक्षण के बदले चल रहा था रिश्वत का खेल




आरोपी धर्मसिंह और जयनारायण


- ए.सी.बी. को शिकायत मिली थी कि दिव्यांगों के लिए शेल्टर होम, परिवहन, अस्पताल में इलाज करवाने जैसी सुविधाओं का टैंडर ठेकेदार जयनारायण मीणा को देने में मिलीभगत की गई है, जिसके बाद पिछले डेढ़ माह से आरोपी ठेकेदार पर एसीबी नजर जमाए बैठी थी

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के वरिष्ठ लेखाधिकारी धर्म सिंह मीणा और ठेकेदार जयनारायण मीणा को सोमवार को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते-देते गिरफ्तार किया। एसीबी अधिकारियों के मुताबिक आरोपी धर्म सिंह रिश्वत की राशि लेने सिविल लाइंस फाटक तक पहुंच गया। यहां पर ठेकेदार से जैसे ही रिश्वत के 50 हजार रुपए लिए, एसीबी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले सूचना मिली कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में दिव्यांगों को दी जाने वाली सुख-सुविधा (शेल्टर होम, परिवहन, अस्पताल में इलाज करवाने सहित कई कार्यों के लिए केयर टेकर व अन्य संसाधन) के लिए ठेकेदार जयनारायण मीणा को एक वर्ष की बजाय दो वर्ष का एक साथ टैंडर 19 मई को दिया गया है। एक वर्ष का टैंडर 2.10 करोड़ रुपए का था, लेकिन एक साथ 2 वर्ष के लिए 4.20 करोड़ रुपए का टैंडर जारी किया गया, इसमें रिश्वत का खेल चलता है। मामले की जांच ए.एस.पी. बजरंग सिंह शेखावत को सौंपी गई। शेखावत की टीम ने बताया कि सूचना देने वाले ने कहा कि इस विभाग में दिव्यांगों को भी नहीं छोड़ा है। अनुसंधान के दौरान कई बार टीम ठेकेदार पर निगरानी रखी। सीनियर अकाउंटेंट धर्म सिंह आरोपी, ठेकेदार जयनारायण मीणा से एक लाख रुपए रिश्वत मांग रहा था।

एसीबी सूत्रों के मुताबिक आरोपी ठेकेदार ने आज-कल में रुपए देने की बातें कहकर कई बार वरिष्ठ लेखाधिकारी गच्चा दिया। आरोपी पर एसीबी की निगरानी थी। आरोपी ठेकेदार सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पास सिविल लाइंस फाटक पर रिश्वत देने पहुंचा। यहां से उसने लेखाधिकारी धर्मसिंह से संपर्क कर कहा कि वह 50 हजार रुपए लेकर आया है और दफ्तर में आकर रकम देने की बात कही। जिस पर धर्मसिंह ने उसे दफ्तर में आने से रोक दिया और खुद ही रिश्वत के रुपए लेने पहुंच गया। जहां पर पहले से घात लगाए बैठी ए.सी.बी. टीम ने दोनों को दबोच लिया। सूत्रों की मानें तो अब एसीबी टीम जांच में जुटी है कि आखिर किस तरह से एक वर्ष का टैंडर एक साथ 2 वर्ष के लिए ठेकेदार को दिया गया। इसके साथ ही टैंडर जारी करने का प्रोसेस क्या है, रिश्वत में और किसकी मिलीभगत है।

## पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरदावर और तीन दलाल दबोचे



गिरदावर रामकिशन मीणा



दलाल गिर्राज मीणा

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सोमवार देर शाम 5 लाख रुपये की रिश्वत लेत जयपुर में आंधी तहसील के गिरदावर और तीन दलालों को गिरफ्तार किया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसकी खरीदशुदा कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान करने के एवज में आंधी तहसील के गिरदावर रामकिशन मीणा और उसके तीन दलाल गिर्राज मीणा, केदार प्रसाद दर्जी और महेश शर्मा 15 लाख रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहे हैं। आरोपियों ने यह रकम तहसीलदार के नाम पर मांग रहे थे।

इस शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद एसीबी ने ट्रैप की कार्यवाही को सोमवार शाम अंजाम दिया। इस दौरान दलाल गिर्राज मीणा, केदार प्रसाद दर्जी और महेश शर्मा और आंधी तहसील के गिरदावर रामकिशन मीणा को 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपियों ने शिकायत दर्ज करवाने से पहले ही परिवादी से साढ़े 3 लाख रुपये वसूल लिए थे। मामले में तहसीलदार की भूमिका भी जांच भी एसीबी कर रही है।

फिलहाल एसीबी टीम ने तमाम आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर सर्च की कार्वाई शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** । करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीने का पानी मांगने के बहाने कमरे में घुस कर महिला से दुष्कर्म मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म मामले में वांछित चल रहे शहदाब खां निवासी माधोटांडा जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया जिसे न्यायालय ने न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस संबंध में 22 मई को पीडिता ने मामला दर्ज करवाया था कि उसके मकान में किराए पर रहने वाले आरोपी शहदाब खां ने 8 मई की सुबह पीने का पानी मांगने के बहाने कमरे में घुसा और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश करते हुए यूपी से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस अधिकारियों को जेंडर समानता का प्रशिक्षण मिलेगा

**जयपुर** (कासं)। पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को जेंडर समानता का प्रशिक्षण देने और उत्तरदायी पुलिसिंग के लिए यूएनएफपीए और राजस्थान पुलिस अकादमी मिलकर काम करेंगे। इसे लेकर सोमवार को दोनों के मध्य एमओयू हुआ। यूएनएफपीए की ओर से भारत में रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एन्ड्रिया एन वोजनर और आरपीए निदेशक पी रामजी ने इस पर हस्ताक्षर किए।

डीजीपी उमेश मिश्रा और एन्ड्रिया ने बटन दबाकर जेंडर यूनिट का भी शुभारंभ किया।इस दौरान मिश्रा ने कहा कि इस यूनिट के जरिए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को जेंडर समानता पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पुलिस कर्मियों का क्षमता संवद्र्धन होगा क्योंकि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों और घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। मिश्रा ने बताया कि सरकार की ओर से निर्बाध पंजीकरण व थानों में स्वागत कक्ष निर्माण किए जाने से पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। वहीं महानिदेशक प्रशिक्षण जंगा श्रीनिवास राव ने महिलाओं की कार्यस्थल सहित सभी स्थानों पर सुरक्षा पर बल दिया।

यूएनएफपीए की भारत में रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एन्ड्रिया एन वोजनर ने कहा कि इस एमओयू से महिलाओं के प्रति हर प्रकार की हिंसा को कम करने के साथ उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार होगा। पुलिस महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की साक्ष्य आधारित अध्ययन कर सकेगी। वोजनर ने बताया कि यूएनएफपीए का लक्ष्य वर्ष 2027 तक राजस्थान में घरेलू हिंसा को दस लाख तक कमी लाना है। आरपीए के निदेशक एवं अतिरिक्त महानिदेशक पी रामजी व अतिरिक्त महानिदेशक बिपिन पाण्डे भी मौजूद रहे। यूएनएफपीए के राज्य प्रभारी दीपेश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया।

## व्यापारियों ने समस्याएं दूर करने की मांग उठाई

- अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त को व्यापार संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जयपुर** (कासं)। व्यापार महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और प्रशासन राहुल प्रकाश का पद भार संभालने पर अभिनंदन करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में चारदीवारी के बाजारों में रोडकट बंद होने से वाहनों को एक ओर से दूसरी ओर जाने में होने वाली परेशानी से अवगत कराया गया। बाजारों में चौपहिया वाहनों के लिए अधिकतम दो घंटे की पार्किंग का नियम सख्ती से लागू करवाए जाने, ई-रिक्शा से होने वाली समस्या के साथ ऑटो रिक्शा को मीटर से चलने के लिए पाबंद किए जाने की मांग की गई। इसके साथ ही चारदीवारी के बाजार से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की पुख्ता व्यवस्था करने की भी मांग की गई। जिससे पर्यटकों, स्थानीय नागरिकों को पैदल आवागमन की सुविधा मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बड़ी चौपड़ पर मेट्रो स्टेशन के साथ जुड़े ख़ाली भूमिगत स्थान पर चारपहिया व दोपहिया वाहन पार्किंग बनाए जाने की मांग की। उनका कहना था कि इससे ज़ौहरी बाज़ार, त्रिपोलिया, रामगंज व हवामहल बाज़ार पर पार्किंग का दबाव कम हो सकेगा। उनका कहना था कि पुलिस की हेल्पलाइन अधिकतर व्यस्त आती है इसे व्यवस्थित किया जाए। इस अवसर पर कमिश्नर यातायात मुस्तफ़ा अली ज़ैदी, एसीपी नोर्थ हरि शंकर शर्मा के साथ जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेन्द्र बज, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, कैलाश मित्तल, मनीष खूटेटा, संजय बाज़ार महामंत्री विष्णु दत्त शर्मा, गणगोरी बाज़ार अध्यक्ष अमित जोशी उपस्थित थे। इंद्रा बाज़ार अध्यक्ष कमल कुमार आसवानी, चाँदी की टकसाल महामंत्री जहीर अहमद, लाल कोठी वाणिज्य समिति महामंत्री अशोक कुमार कुमावत, खज़ाने वालों का रास्ता अध्यक्ष आनंद राठी, भिंडो का रास्ता के अध्यक्ष विश्व राज शर्मा, स्टेशन रोड व्यापार मंडल के अशोक शर्मा, सिंधी कैम्प व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गजानंन्द शर्मा और टोंक रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने अपनी अपनी समस्याएं रखीं।

## मुद्रणालय विभाग के कर्मचारियों ने अनशन किया

**जयपुर** । राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहा क्रमिक अनशन सोमवार को 89वें दिन भी जारी रहा।


कोर कमेटी सदस्य सुरेश धाभाई ने बताया कि आज राजकीय मुद्रणालय विभाग के मोहम्मद सरफराज खान के नेतृत्व में आत्माराम जाट, लक्ष्मण यादव, अजयकांत वर्मा, प्रदीप कुमार बोचल्या व जितेंद्र मीणा क्रमिक अनशन पर बैठे।

मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, देवेंद्र सिंह नरूका, शेर सिंह यादव, महेंद्र शर्मा, ललित मोहन शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, संतोष जैन, छोटे लाल मीणा, सुरेश नारायण शर्मा, उदल सिंह राजावत, भंवर सिंह धीरावत, सेवाराम जायसवाल, सुभाष चंद्र लुगारिया मौजूद थे।

# खेत पर आवास के लिए 50 लाख रु. तक का ऋण मिलेगा

### समय पर ऋण चुकाने पर किसानों को मिलेगा 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान

- 15.27 लाख किसानों को पांच हजार 793 करोड़ का फसली ऋण वितरित



प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा ने सोमवार को अपेक्स बैंक में केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की समीक्षा बैठक ली।

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि किसान को खेत पर आवास पर निर्माण के लिए सहकार ग्राम आवास योजना जारी कर दी गई है। इस योजना में केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को 50 लाख रूपये तक का ऋण तीन किश्तों में उपलब्ध कराया जाएगा। समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। इस प्रकार किसान को 6 प्रतिशत ब्याज देना होगा। यह ऋण दीर्घकालीन अवधि (15 वर्ष) का होगा।

गुहा सोमवार को अपेक्स बैंक में केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि खेत पर आवास के लिए बैंकों को 72.70 करोड़ रूपये का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंहगाई राहत कैम्प में आवेदनकर्ताओं के प्राप्त पात्र आवेदनों को शीघ्र ही ऋण वितरण किया जाए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना के अन्तर्गत 1500 करोड़ रूपये का ऋण वितरण किया जाना है। अभी तक 2.34 लाख आवेदन प्राप्त हुए है, उन्होंने निर्देश दिए कि राजीविका से संबंधित आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर ऋण वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई, 2023 तक आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करें। गुहा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में 22 हजार करोड़ रूपये का फसली ऋण का वितरण होना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए खरीफ 2023 में 11811 करोड़ तथा रबी 2023-24 के लिए 10189 करोड़ रूपये का लक्ष्य बैंकों को दिया गया है। अभी तक 15.27 लाख किसानों को 5793 करोड़ रूपये का ऋण दिया जा चुका है। उन्होंने सभी प्रबंध निदेशकों को समय पर ऋण वितरण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### कवि गोष्ठी व काव्य कृतियों का विमोचन




**जयपुर** । साहित्य स्पंदन समूह जयपुर की ओर से आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सिंधु नगर मुरलीपुरा स्थित एस. के. पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के सभागार में जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार सुभाष चंद शर्मा की काव्य कृति अनुभूतियों के इंद्रधनुष, डॉक्टर एन.एल.शर्मा निर्भय की कृति निर्भय नरसिंह के गीत तथा डॉ.मंजू मिश्रा स्वयं सिद्धा, डॉ. राजरानी अरोडा "वृंदा" एवं रंजीता अरोड़ा के साझा काव्य संग्रह कल्पना पुंज एवं रमेश चंद शर्मा राही के खंडकाव्य पुष्यमित्र शुंग राही की अनन्य गजलें राही की शायरी भाग-2 कविता संग्रह, साहित्य स्पंदन एवं कृष्ण की बाल लीलाएं खंडकाव्य सहित कुल 8 पुस्तकों का विमोचन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.मीनाक्षी शर्मा चेयरमैन, सीताराम अग्रवाल मंगला सरिया, वेद प्रकाश शर्मा वेद साहित्यकार नगर, विशिष्ट अतिथि के सान्निध्य में किया गया जिसमें कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्य स्पंदन के संयोजक सुभाष चंद शर्मा एवं अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा राही के संयोजन में जयपुर एवं बाहर से पधारे कवि एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया जिनमें आर एल दीपक , कैलाश गुप्ता, प्रहलाद चंचल, रामबाबू शर्मा राज, कल्याण गुर्जर, मुकेश गुप्ता राज, कल्याण सिंह शेखावत ,मान सिंह मऊ, कवयित्री रेखा शर्मा एवं नम्रता शर्मा आदि ने काव्य पाठ किया मंच संचालन टोंक से पधारी ममता जाट ने किया साहित्य स्पन्दन समूह के संयोजक सुभाष चंद शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया।

### तंबाकू रोकथाम के लिए जागरूक किया

**जयपुर** । प्रदेश में 31 मई से संचालित किए जा रहे तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन के तहत 60 दिवसीय जनजागरुकता कैम्पेन, कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंधित स्थानों पर तम्बाकू का विक्रय व सेवन पर रोक लगाने के लिए चालान सहित सामुदायिक स्तर पर इसके प्रति जनजागरुकता विकसित करने की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तम्बाकू निषेध 60 दिवसीय कार्ययोजना में संचालित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तम्बाकू मुक्ति के लिये रोकना और टोकना दोनों विशेष रूप से आवश्यक हैं। उन्होंने स्कूलों, ग्राम पंचायत भवनों, शैक्षिणक-चिकित्सा संस्थानों इत्यादि को तम्बाकू मुक्त करने के लिये निर्धारित किये गये 9 मापदण्डों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मिशन निदेशक ने सामुदायिक स्तर पर जागरुकता के लिये शैक्षिणक संस्थानों में तम्बाकू मुक्ति एवं इसके प्रभाव विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, यूथ सेल्फी प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही युवाओं में जागरुकता हेतु वीडियो संदेश तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने के निर्देश दिए।

### बोहरा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने सोमवार को वार्ड 72 के सभी बूथ अध्यक्ष व वार्ड कार्यकर्ताओं की बैठक ली। वार्ड अध्यक्ष विपिन सिंघल के यहां आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष पारस जैन ने की। पारस जैन ने बताया कि सांसद रामचरण बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के शासनकाल में करवाए गए जनहित के कामों को आमजन तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी.जोशी के आव्हान पर 13 जून को जयपुर में सचिवालय के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए भी जिम्मेदारी सौंपी। जिस पर सभी कार्यकर्ताओं ने ध्वनि मत से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया। इसके बाद पार्षद पारस जैन ने सांगानेर मे अल्पसंख्यक छात्रावास के लिए भूमि आवंटन रद्द कराने की मांग उठाई। जिस पर फैसला हुआ कि 17 जून को 6:30 बजे देलावास बालाजी पर कार्यकर्ता उमड़ेंगे और आगामी रणनीति बनाएंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अशोक रावतानी, महामंत्री राजेंद्र खंडेलवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप शेखावत, वॉर्ड प्रभारी दीपक जग्गा मौजूद थे।

### बदमाशों ने लिफ्ट देकर बुजुर्ग को लूटा

**जयपुर** । प्रताप नगर इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक बुजुर्ग को लिफ्ट देने के बहाने उससे मारपीट कर 40 हजार रुपए और मोबाइल लूट लिया। घटना 9जून को रात करीब साढे 8 बजे की हैं। पीड़ित बृजमोहन बैरवा ने रिपोर्ट दी है कि वह द्वारकापुरी में मजदूरी करने के बाद घर लौट रहा था। सीतापुरा वाले रास्ते से महात्मा गांधी हॉस्पिटल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे लिफ्ट दी। वह उसे बाइक पर बिठाकर कुछ दूर ही चले इस दौरान सुनसान जगह देख कर बदमाशों ने जबरन उसे बाइक से उतारा और उसके साथ मारपीट कर उस की जेब में रखे 40 हजार रुपए,मोबाइल लूट लिया। विरोध को देखते हुए स्थानीय लोगों ने भी बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाश मौके से भाग निकले। इस दौरान बदमाशों की बाइक मौके पर छूट गई, जिसे बाद में पीड़ित ने शिवदासपुरा थाना पुलिस को दी। क्राइम पॉइंट प्रताप नगर थाना इलाके का होने के कारण प्रताप नगर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया हैं। पुलिस ने बताया कि करौली सपोटरा निवासी बृजमोहन ने शिकायत दी है कि उनके साथ बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान बदमाश अपनी बाइक को मौके पर छोड़कर भाग गए। बाइक नम्बर के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही हैं। इन बदमाशों के खिलाफ लूट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया हैं। पीड़ित के शरीर पर कई जगह पर चोट के निशान हैं, जिस पर उसका मेडिकल कराया जा रहा हैं।

### एमनेस्टी स्कीम से 61 हजार लाभांवित

**जयपुर** । सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं पर बिजली की बकाया राशि की वसूली के लिए जयपुर डिस्कॉम द्वारा जनवरी माह में लागू की गई एमनेस्टी योजना का माह मई तक 61 हजार 606 उपभाक्ताओं ने लाभ उठाया है। जयपुर डिस्कॉम द्वारा इन उपभोक्ताओं को बकाया राशि पर देय 31 करोड 6 लाख 50 हजार रुपए के ब्याज व पैनल्टी की छूट प्रदान की है और जयपुर डिस्कॉम को 130 करोड़ 53 लाख 85 हजार रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है। योजना 30 सितम्बर, 2023 तक लागू रहेगी और इस दौरान मूल बकाया राशि जमा कराने पर उपभोक्ताओं को ब्याज व पैनल्टी में षत-प्रतिषत छूट प्रदान की जाएगी।

### जानलेवा हमला करने वाला पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। रामगंज थाना पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच-अधिकारी एसआई बनै सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित नूर मोहम्मद (52) काजी का नला, घाटगेट का रहने वाला है। पुलिस इस मामले में चार अन्य आरोपी जमील, शाह फैसल, हसीन अहमद और शाकिर को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों ने रास्ते के मामूली विवाद पर पीड़ित जैनुअल आबेदीन पर जानलेवा हमला कर दिया था, जिसमें उसके सिर में गंभीर चोटें आई थी।

### राजीव सक्सेना मीडिया प्रभारी नियुक्त



**जयपुर** (कासं)। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान ने प्रो. (डॉ.) राजीव सक्सेना को ट्रस्ट में सतत, निःस्वार्थ भाव एवं समर्पित रूप से प्रदान की जा रही सराहनीय तथा उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए ट्रस्ट के प्रदेश मीडिया प्रभारी व समन्वयक पद पर नियुक्त किया है। डॉ. सक्सेना को नियुक्ति पत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष से.नि., आर.ए.एस. एन. एल.वर्मा ने प्रदान किया। इस अवसर पर निदेशक से.नि. मुख्यालेखाधिकारी सी.एल.आलोरिया, महासचिव दुर्गा वर्मा, सुखराज वर्मा, कौशल सत्यार्थी, मनीष आदि मौजूद रहे।



## World Softball Day


If you love a fast-paced game you can play indoors and gives you all the thrill and excitement of baseball; then it's time to check out Softball. Softball is a much-maligned variation of baseball that has an exciting history and just as fierce a spirit of competition as the more famous baseball. If you know and love this game and its storied past, then World Softball Day is for you.Get together a group of friends and get outside to play a fun, competitive, game of softball.



#OFFICE-WORK

# How to Write a Perfect Resignation Letter

A guide to everything you need to know about resignation letters.




Out of all the anxieties at our workplace, anxiety over quitting is probably the most common. Even when we're glad to be leaving, a lot of people get stressed out about the mechanics of actually quitting. How do you tell your boss? What do you write in your resignation letter? And, for that matter, why are we still having this important conversation by letter in the year 2023?

Here, a guide to everything you need to know about resignation letters.

### What is the Purpose?

The most important thing to know about writing a resignation letter is that it's not the way you should give your boss the news. When you resign, you should do it via a real conversation with your manager - in person if you work in person or via phone or Zoom if you're remote.

Your boss should not learn that you're leaving by finding a letter on their desk! Nor should you walk into their office, hand them the letter, and stand around awkwardly while they read it, Hollywood movie conventions to the contrary. (Hollywood also thinks that you negotiate a salary by writing your desired number on a slip of paper and pushing it across the table. Hollywood is weird and appears to be populated by people who have not worked in many non-Hollywood office jobs or who behaved really oddly when they did.)

So if a resignation letter isn't the way you announce your departure, what's it for? It's intended to be documentation of your decision - a bureaucratic detail, not the main event.
